CMYK



देश-विदेश
एक्टर्स होने से टफ है बिजनेस...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''

पेज-3
भाजपा सरकार ने आपदा में...



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी


युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 30 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 17 ज्येष्ठ 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 150
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

महान एवं महत्वपूर्ण बनने के इच्छुक के विचार सदैव श्रेष्ठ, रचनात्मक एवं पारमार्थिक होने चाहिए। -विनोबा भावे





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## खत्म होता चुनावों का शोर

**आज** सायं पांच बजे लोकसभा चुनावों के लिए हो रहे प्रचार का शोर पूरी तरह थम जाएगा और 1 जून को मतदान का अन्तिम सातवां चरण सम्पन्न हो जाएगा जिसमें आठ राज्यों व केन्द्र प्रशासित क्षेत्र की 57 सीटों पर वोट पड़ेंगे। इस चरण में सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब होगा जिसकी सभी 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा तथा हिमाचल प्रदेश की भी चार सीटों पर मतदान हो जाएगा। पंजाब की राजनीति शुरू से ही क्रान्तिकारी रही है, अत: यह राज्य अपने अलग तेवरों के लिए पहचाना जाता रहा है। देखना यह होगा कि वर्तमान चुनावों में इस राज्य के लोगों के तेवर क्या रहते हैं क्योंकि असली लड़ाई इंडिया गठबन्धन के ही दो दलों आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच हो रही है। वैसे गौर से देखा जाये तो सातवां चरण उत्तर प्रदेश के लिए भी कम महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि इस चरण में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में भी मतदान होगा। इस चुनाव क्षेत्र पर पूरे देश की नजरें लगी रहेंगी क्योंकि इस बार उत्तर प्रदेश में पिछले 2019 के चुनावों से हटकर भाजपा व इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशियों के बीच डटकर सीधे आमने-सामने की लड़ाई हो रही है। बेशक मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हुए हैं मगर उन्हें कमोबेश 'वोट कटवा' प्रत्याशी ही माना जा रहा है। लोकसभा के ये चुनाव स्वत: भारत के इतिहास के अनूठे चुनाव माने जा रहे हैं क्योंकि इनमें भारत का संविधान ही प्रमुख चुनावी मुद्दा बन चुका है। इस बारे में सत्तारूढ़ व विपक्षी गठबन्धन अपने-अपने विमर्श प्रस्तुत कर रहे हैं परन्तु देखने वाली बात यह होगी कि इस पर देश की जनता किसके विमर्श को सही ठहराती है। इसमें अब कोई दोराय नहीं होनी चाहिए कि इन चुनावों में लोकसभा की कुल 543 सीटों में से जितनी भी सीटों पर ठीक आमने-सामने की लड़ाई भाजपा व इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशियों के बीच हुई उनमें एक-एक वोट के लिए कड़ी प्रतियोगिता का माहौल बना है। लोकतंत्र में प्राय: ऐसा केवल तभी होता है जब विचारधाराओं का टकराव हो रहा हो। कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के दल गांधीवादी समाजवाद की विचारधारा को लेकर जो भी विमर्श जनता के बीच खड़ा कर रहे हैं उसका पुरजोर उत्तर भाजपा की तरफ से राष्ट्रवाद के सांस्कृतिक समागम के स्वरूप दिये जाने की कोशिश की जा रही है परन्तु ये चुनाव सार्वजनिक विमर्श में भाषा की कर्कशता और भौंडेपन के लिए भी याद किये जाएंगे। वास्तव में इन चुनावों का यह सबसे दुखद व चिन्तनीय पहलू है क्योंकि लोकतन्त्र में राजनैतिक लड़ाई व्यक्तिगत हमलों से नहीं बल्कि वैचारिक हमलों से लड़ी जाती है। व्यक्तिगत हमला तभी होता है जब विचार शून्यता पसर गई हो। ऐसा समाजवादी चिन्तक डा. राम मनोहर लोहिया का मानना था जिसकी वजह से वह जीवनभर एक स्वतन्त्रता सेनानी होने के बावजूद कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों की नीतियों की लोकोन्मुखी गांधीवादी समाजवाद पर कस कर तीखी आलोचना किया करते थे और पिछड़े वर्गों को सत्ता में बराबर की भागीदारी देने की वकालत किया करते थे। इस बारे में उस समय की समाजवादी पत्रिका 'जन' में लिखे हुए उनके कई लेख इसके साक्षात उदाहरण हैं। दरअसल ये चुनाव इस बात का प्रमाण भी माने जाएंगे कि भारत में बाजार मूलक अर्थ व्यवस्था लागू होने के बाद सिद्धान्तवादी राजनीति के लिए कितनी जगह बची है। इसीलिए ये चुनाव साधारण चुनावों की तरह नहीं देखे जा रहे हैं क्योंकि चुनाव में कुछ ऐसे मूल मुद्दे उठ गये हैं जिनका सीधा सम्बन्ध भारत की उस आधारभूत व्यवस्था से हैं जिसे आजादी के बाद संविधान लागू करते हुए अपनाया गया था और भारत को किसी भी धर्म या मजहब से निरपेक्ष रखते हुए एक भौगोलिक संप्रभुता का राष्ट्र घोषित किया गया था जिसके किसी भी भू-भाग पर रहने वाला, किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति इसका सम्मानित नागरिक था। आजादी के बाद भारत के लोगों में 'दास मानसिकता' के विनाश के लिए ही वयस्क आधार पर प्रत्येक नागरिक को एक वोट का अधिकार दिया गया और उसे इस स्वयंभू राष्ट्र का एक 'स्वयंभू नागरिक' बनाया गया जिसका उत्तरदायित्व देश की सरकार बनाने का था। यह काम गांधी ने संविधान लिखवा कर डा. अम्बेडकर से ही कराया क्योंकि वह इसी देश के उस समाज से आते थे जिसके लोगों के अधिकारों व सम्मान को समाज के दूसरे तबके के लोगों ने सदियों से निगल रखा था। बाजार मूलक अर्थव्यवस्था के दौर में जिस तरह आर्थिक असमानता बढ़ी है उसके चलते देशवासियों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराया है? यह सवाल प्रत्यक्ष रूप से चुनावों के बीच में नहीं है मगर जिस तरह से इसकी समीक्षा कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में की है उससे यह पता चलता है कि भारत की आर्थिक समस्याओं का हल केवल 'सकल उत्पाद वृद्धि' दर नहीं हो सकता। इसके लिए हमें अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मूल अवयवों व मानकों की तरफ लौटना पड़ेगा। गांधीवादी समाजवाद का सार भी यही है जिसकी तरफ कभी भारतीय जनसंघ के दार्शनिक स्व. दीनदयाल उपाध्याय ने भी इशार किया था और जनसंघ के मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हमें भारत की समस्याओं का हल किसी आयोजित विचारधारा से नहीं बल्कि भारत की जमीन से उपजी विचारधारा से ही खोजना होगा।

# दिल्ली में पारा 52.9°



## राजधानी में तापमान का रिकार्ड टूटा : बाद में बारिश की फुहारों ने दी राहत

**नई दिल्ली**/पंजाब केसरी



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब पारा 52 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया तब कुदरत ने रहम की है। दिल्ली में मौसम ने करवट ली है और यहां आंधी और बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। दिल्ली वालों को इस बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई है। इससे पहले आज दिल्ली में तापमान आसमान छू गया और पूरे देश में अब तक का सबसे ज्यादा रिकॉर्ड बना दिया। मौसम विभाग के अनुसार आज दिल्ली पारा 50 डिग्री को पार कर गया। दिल्ली के मुंगेशपुर में बुधवार को 52.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में लगातार पारा आसमान छू रहा है। वहीं केरल में 31 मई को मानसून आने की बात कही गई है। गर्मी ने राजस्थान के रेगिस्तान में बने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 1 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा पार कर लिया।

दिल्ली-एनसीआर में कुछ स्थानों पर दोपहर के बाद अचानक जब मौसम ने करवट बदली तो लोगों ने राहत की सांस ली। यहां अचानक धूप गायब हो गई और आसमान में बादल छा गए। उसके बाद हल्की बूंदाबांदी हुई और धूल भरी आंधी चली। नोएडा में भी बदरा बरसे और लोगों को बड़ी राहत मिली। यहां लोग सड़क पर बारिश का लुत्फ उठाते नजर आए। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में धूप के बावजूद भी बूंदाबांदी हुई। हालांकि कुछ देर बाद ही बारिश बंद भी हो गई और उमस में इजाफा हो गया है। पश्चिमी दिल्ली के साथ ही पूर्वी दिल्ली में भी अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है एनसीआर, हरियाणा के रोहतक, सोनीपत, गोहाना समेत कई अन्य जगहों पर बारिश हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, हापुड़, सियाना समेत कुछ अन्य स्थानों पर भी बारिश का अनुमान है। दिल्ली के मुंगेशपुर इलाके में अधिकतम तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में स्थित मुगेंशपुर में 49.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार एक दिन बाद तापमान में और वृद्धि हुई तथा मौसम केंद्र ने शाम चार बजकर 14 मिनट पर अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह दिल्ली में अब तक का सर्वाधिक तापमान है।

**केरल में आ रहा है मानसून**

### दिल्ली में मजदूरों को 12 से 3 बजे तक छुट्टी

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने के मद्देनजर निर्माण स्थलों के मजदूरों को दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक सवैतनिक छुट्टी देने के निर्देश बुधवार को दिए।

(पढ़ें पृष्ठ-7 पर)

### नर्सिंग होम्स रजिस्ट्रेशन की जांच होगी, मंत्री के ओएसडी सस्पेंड

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): विवेक विहार स्थित बच्चों के नर्सिंग होम में आग लगने से सात बच्चों की दर्दनाक मौत पर एलजी ने कड़ा संज्ञान लिया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एलजी ने दिल्ली के तमाम नर्सिंग होम्स के पंजीकरण और वैधता से जुड़े मामले में एसीबी को जांच का आदेश दिया है। इसको लेकर सतर्कता निदेशालय ने एसीबी के ज्वाइंट कमिश्नर को जांच शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं एलजी ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी आर.एन. दास को सस्पेंड कर दिया है।

(सम्पूर्ण कवरेज पृष्ठ-4 पर)

### दिल्ली में व्हीकल धोने वालों पर 2000 का जुर्माना



(पढ़ें पृष्ठ-5 पर)

## केजरीवाल को जाना ही होगा जेल


### सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने याचिका को सूचीबद्ध करने से किया इन्कार

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



#### नियमित जमानत के लिए जाना होगा ट्रायल कोर्ट

**रजिस्ट्री** ने याचिका को विचार योग्य नहीं माना और पिछले आदेश का हवाला दिया जिसमें केजरीवाल को मिली अस्थायी राहत की शर्तों का जिक्र है। जोर देकर कहा कि जमानत के लिए कोई भी नई अर्जी अब ट्रायल कोर्ट के सामने जानी चाहिए। रजिस्ट्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की भी छूट दी गई थी। रजिस्ट्री ने यह भी रेखांकित किया कि सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को दी गई चुनौती पर 17 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, इसलिए अंतरिम राहत बढ़ाने की उनकी नई याचिका का मुख्य याचिका से कोई संबंध नहीं है और उसी मामले में सूचीबद्ध नहीं कर सकते।



● सीएम के लिए 2 जून है सरेंडर करने की तारीख

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को देश की सबसे बड़ी अदालत से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका को तुरंत सुनवाई योग्य नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने याचिका को अवकाशकालीन बेंच के सामने सूचीबद्ध करने से इनकार किया है। अरविंद केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत देते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को 2 जून को सरेंडर करना होगा। रजिस्ट्री ने केजरीवाल की याचिका को 'विचार योग्य नहीं' बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश का हवाला दिया, जिसमें केजरीवाल को मिली राहत को 1 जून तक सीमित किया गया है और नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने का विकल्प दिया गया था। बेंच ने एक दिन पहले ही तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद केजरीवाल की लीगल टीम ने याचिका को सूचीबद्ध कराने के लिए रजिस्ट्री से संपर्क किया था। यहां भी निराशा मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री की लीगल टीम अब विकल्पों पर विचार कर रही है। एक रास्ता नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट के पास जाने का है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके मांग की थी कि अंतरिम जमानत अवधि को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया जाए। केजरीवाल की दलील है कि डॉक्टरों ने उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन समेत कई टेस्ट कराने को कहा है और इसके लिए उन्हें समय की आवश्यकता है। आप का दावा है कि केजरीवाल का वजन 7 किलो घट चुका है और किटोन लेवल बहुत अधिक बढ़ गया है। (पृष्ठ-5 भी देखें)

## बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड में सीएए के तहत नागरिकता शुरू

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली




● 2014 को या इससे पहले भारत आए हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध, फारसी व ईसाइयों को दी जा रही है भारतीय नागरिकता

केंद्र सरकार ने नागरिकता अधिनियम (सीएए) के तहत पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उत्तराखंड में नागरिकता देने की शुरुआत कर दी है। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

भारत सरकार ने दिसंबर 2019 में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से 31 दिसंबर 2014 को या इससे पहले आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने के लिए सीएए बनाया है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा की अधिकार प्राप्त समितियों ने तीनों राज्यों के आवेदकों को बुधवार को नागरिकता प्रदान की।

नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना के बाद दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने पहली बार भारतीय नागरिकता प्रदान की। इन आवेदकों को 15 मई को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। नागरिकता प्रमाणपत्रों की यह दूसरी किस्त बुधवार को जारी की गई। एक जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से कुछ दिन पहले यह कदम उठाया गया है। पश्चिम बंगाल में कई सीट पर शनिवार को अंतिम चरण में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद कानून को अधिसूचित कर दिया गया था लेकिन भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए नियम चार साल की देरी के बाद 11 मार्च को जारी किए गए।

## परिवार के 8 लोगों की हत्या के बाद खुद भी लगाई फांसी

**पंजाब केसरी**/छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपने परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी। वारदात को अंजान देने के बाद आरोपी ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, माहुलझिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आदिवासी व्यक्ति ने अपने परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात को आरोपी ने बीती रात अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मीडिया को बताया कि आदिवासी दिनेश ने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद ने आत्महत्या कर ली। आरोपी मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी कुछ समय पहले ही शादी हुई थी। वारदात के बाद घर में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं। पुलिस मौक पर पहुंच गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार से एक्सीडेंट, 2 की मौत


(संबंधित खबर पढ़ें पृष्ठ-2 पर)

## पोर्श कांड : रक्त नमूने के दोनों बेइमान डाक्टर सस्पेंड

(संबंधित खबर पढ़ें पृष्ठ-2 पर)

## 'रुद्रम' का सफल परीक्षण

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली/ बालासोर



भारत ने ओडिशा तट से भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के सुखोई-30 लड़ाकू विमान से हवा से सतह पर मार करने वाली 'रुद्रम' मिसाइल का बुधवार को सफल परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रुद्रम-II मिसाइल के उड़ान परीक्षण ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा कर लिया है। रुद्रम-II स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक वायु-प्रक्षेपित मिसाइल प्रणाली है, जो दुश्मन के विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। विभिन्न डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को मिसाइल प्रणाली में शामिल किया गया है। ''डीआरडीओ ने भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमके-I प्लेटफॉर्म से हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्रम-II मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।''

**पीएम मोदी का वायदा** | बंगाल रैली में ममता सरकार पर यूथ के अवसर छीनने का आरोप

## विकसित बंगाल की गारंटी है हमारी

**पंजाब केसरी**/काकद्वीप (पश्चिम बंगाल)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि विकसित बंगाल की गारंटी हमारी है। जितना अवसर आप हमें देंगे हम बंगाल को पिछड़ेपन से उबारकर विकसित बनाकर दिखाएंगे। मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर 'मूल' ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है।

उन्होंने कहा, ''बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं?''प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त है ताकि घुसपैठिए बंगाल में बस सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को भारतीय नागरिकता उसी सम्मान के साथ मिलेगी, जिसके वे हकदार हैं।

मोदी ने काकद्वीप में इस लोकसभा चुनाव में राज्य में अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस नहीं चाहती कि हिंदू और मतुआ बंगाल में रहें। उन्होंने कहा, ''एक वर्ग के तुष्टीकरण के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार उस संविधान पर खुलेआम हमला कर रही है जिसने दलितों और पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया है। (पृष्ठ-3 भी देखें)

### मतुआ समुदाय को मिलेगी भारतीय नागरिकता

**उन्होंने** कहा कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को 'आन, बान और शान'' के साथ भारतीय नागरिकता मिलेगी। मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर पश्चिम बंगाल में उसकी सीमाओं से अनियंत्रित घुसपैठ की अनुमति देकर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''टीएमसी और इंडी जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं। भाजपा से बंगाल के लोगों का प्यार टीएमसी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसलिए टीएमसी बुरी तरह बौखलाई हुई है।''



NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार से एक्सीडेंट, दो की मौत



चालक को किया गया गिरफ्तार

**गोंडा,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव के बीच कैसरगंज से बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह के काफिले से बड़ा हादसा हो गया। उनके काफिले में शामिल कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो भाइयों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य दो राहगीर भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सड़क किनारे बैठी महिलाएं भी इसकी जद में आई हैं। चिकित्सकों ने उपचार के लिए लाए गए युवकों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्राधिकारी करनैलगंज मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बृजभूषण शरण सिंह के बेटे व कैसरगंज से बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह गोंडा से हुजूरपुर जा रहे थे जब ये हादसा हुआ। काफिले में शामिल एक कार ने बहराइच-हुजूरपुर मार्ग पर स्थित छतईपुरवा के पास पहुंचते ही ओवरटेक करने के चक्कर में निदुरा गांव के पास मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि इसने सामने मौजूद बिजली के खंभे को भी रौंद दिया। इस घटना के बाद भी करण भूषण का काफिला वहां नहीं रुका।उपचार के दौरान दो बच्चों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। लोगों ने घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।बता दें कि करण भूषण सिंह बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह के बेटे हैं, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने बृजभूषण सिंह को टिकट ना देकर उनके बेटे को चुनावी मैदान में उतारा है।बृजभूषण पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है, जिसको देखते हुए बीजेपी ने इस बार उन्हें चुनावी मैदान में उतारने से परहेज किया है।

# एलओसी पर चीन-पाक साथ-साथ

## चीन निर्मित होविट्जर तोप की मौजूदगी भी देखी गई, 'जेवाई' और 'एचजीआर' रडार भी तैनात

**कुपवाड़ा,** (पंजाब केसरी): चीन बीते तीन साल से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान के लिए रक्षा सहयोग लगातार बढ़ा रहा है, जिसमें लोहे से ढके बंकरों का निर्माण और मानव रहित लड़ाकू हवाई उपकरणों की तैनाती शामिल है। इसके अलावा चीन एलओसी पर अत्यधिक गोपनीय संचार टावरों की स्थापना और भूमिगत फाइबर केबल बिछाने में भी मदद कर रहा है। वहीं, चीनी मूल की उन्नत रडार प्रणाली, जैसे 'जेवाई' और 'एचजीआर' को मध्यम और कम ऊंचाई वाले लक्ष्य का पता लगाने की क्षमताएं बढ़ाने के लिए तैनात किया गया है, जिससे सेना और वायु रक्षा इकाइयों को महत्वपूर्ण खुफिया सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त, एक चीनी कंपनी की बनाई 155 एमएम होवित्जर तोप एसएच-15 की मौजूदगी भी एलओसी पर विभिन्न स्थानों पर देखी गई है। इस कदम को चीन के पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत बनाने और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर हुए निवेश की सुरक्षा के प्रयासों के तौर पर देखा जा रहा है।

- चीन पाकिस्तान को गोपनीय संचार टावरों और भूमिगत फाइबर केबल बिछाने में मदद कर रहा है




### पीओके में सुरंग निर्माण में पाक का मददगार बना ड्रैगन

हालांकि अग्रिम चौकियों पर 2014 की तरह चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी नहीं मिली है, लेकिन कुछ सुरागों से पता चला है कि चीनी सैनिक और इंजीनियर एलओसी पर भूमिगत बंकरों के निर्माण समेत बुनियादी ढांचे बना रहे हैं। अधिकारियों कहा कि चीनी विशेषज्ञ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की लीपा घाटी में सुरंग निर्माण में लगे हैं, जिससे काराकोरम राजमार्ग से जुड़ने वाली एक सदाबहार सड़क के निर्माण के संकेत मिल रहे हैं।

### भारतीय सेना ने चीन के सैनिकों को चटाई धूल

विदेशी धरती पर भारतीय सैनिकों ने चीन के सेनाओं को धूल चटा दी है। दरअसल, एक वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अफ्रीका के सूडान में भारतीय और चीनी सैनिकों को टग ऑफ वॉर खेलते देखा गया। इस रोमांचक मुकाबले में भारतीय सैनिकों की जीत हुई। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत भारतीय सेना सूडान में तैनात है। 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशन के तहत सूडान, अफ्रीका में तैनाती के दौरान उनके और चीनी सैनिकों के बीच हुए रस्साकशी में भारतीय सैनिकों ने जीत हासिल की।'

# फिल्म से पहले महात्मा गांधी को कोई नहीं जानता था : मोदी



- गांधी फिल्म 1982 में बनी
- फिल्म के बाद दुनिया में जिज्ञासा हुई कि ये कौन हैं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एक टीवी चैनल को दिया गया वीडियो सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति महात्मा गांधी के विषय में उनकी पहचान को लेकर बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में मोदी कह रहे हैं, "दुनिया में महात्मा गांधी बहुत बड़ी महान आत्मा थे, क्या 75 साल में हमारी जिम्मेदारी नहीं थी कि पूरी दुनिया महात्मा गांधी को जानें।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा," तब कोई नहीं जानता गांधी को। पहली बार जब गांधी फिल्म (1982) बनी, तब दुनिया में जिज्ञासा हुई कि ये कौन हैं? ये हमने नहीं किया। इस देश का काम था। मार्टिन लूथर किंग को दुनिया जानती है, दक्षिण भारत के नेल्सन मंडेला को दुनिया जानती है। गांधी किसी से कम नहीं थे और ये मानना पड़ेगा, मैं दुनिया घूमने के बाद कह रहा हूं कि गांधी और गांधी के जरिए भारत को तवज्जो मिलनी चाहिए थी।" शांति और अहिंसा के प्रतीक के रूप में प्रसिद्ध मोहनदास करमचंद गांधी को 1930 में अमेरिका की प्रतिष्ठित 'टाइम पत्रिका' ने 'पर्सन ऑफ द ईयर' घोषित किया था। गांधी का नाम 5 बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया जा चुका है।'गांधी' नाम से 1982 में बनी फिल्म को रिचर्ड एटनबरो ने निर्देशित किया था। फिल्म में गांधी की भूमिका बिन किंग्स्ले ने निभाई थी। यह फिल्म उस समय की सर्वश्रेष्ठ फिल्म थी, जिसे 8 ऑस्कर मिले थे।

# पाकिस्तान में गिरफ्तार हुए दो भारतीयों को राजनयिक पहुंच

**इस्लामाबाद,** (एजेंसी): पाकिस्तान ने कथित तौर पर गिलगिट-बालटिस्तान से वर्ष 2020 में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार दो भारतीय नागरिकों को राजनयिक पहुंच (कॉन्सुलर एक्सेस) प्रदान किया है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय राजनयिकों और गिरफ्तार भारतीय नागरिकों के बीच सोमवार को बैठक हुई थी।

हालांकि पाकिस्तान के विदेश विभाग ने मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन सूत्रों ने इस बैठक की पुष्टि की है। सूत्रों ने बताया कि दोनों भारतीय नागरिक फिरोज अहमद लोन और नूर मुहम्मद वाणी कश्मीर के गुरेज इलाके के रहने वाले हैं। उन्हें हाल ही में गिलगिट-बालटिस्तान जेल से रावलपिंडी के अदियाला जेल में स्थानांतरित किया गया था। इस बैठक में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग का तीन सदस्यीय दल अदियाला जेल में दोनों भारतीयों से मिला था। इस दौरान पाकिस्तानी गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

बाद में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में यह मुद्दा उठाया। आईसीजे ने जाधव को राजनयिक पहुंच मुहैया कराने का आदेश दिया और उनकी मौत की सजा पर रोक लगा दी। साथ ही उसने जाधव पर असैन्य अदालत में मुकदमा चलाने का आदेश दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने उसके विदेश विभाग के कार्यालय ने कड़ी सुरक्षा के बीच भारतीय अधिकारियों को जाधव से मिलने दिया था।

### गलती से कर गए थे बॉर्डर पार

दूसरी तरफ, भारतीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों भारतीय नागरिक नवंबर 2018 में गलती से सीमा पार कर गये थे।भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में राजनयिक पहुंच का मुद्दा लंबे समय से विवादों में रहा है। पाकिस्तान द्वारा 2016 में जासूसी और आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार कुलभूषण जाधव को भारत के बारंबार अनुरोध के बावजूद राजनयिक पहुंच मुहैया नहीं कराई गई थी। उन्हें पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

# नहर से निकलकर सड़क पर आ गया मगरमच्छ

**बुलंदशहर,** (पंजाब केसरी): यहां एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार की सुबह एक 10 फीट लंबा मगरमच्छ बाहर आ गया और नरौरा बैराज से निकली दोनों गंग नहरों के बीच घूमने लगा, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट पर डाल दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मगरमच्छ लोहे की रेलिंग टापने की कोशिश करता है। लेकिन नाकाम होकर जमीन पर गिर जाता है। पास ही मौजूद रेस्क्यू टीम उसे पकड़ने की कोशिश करती दिखाई देती है। पोस्ट में दावा किया कि बुलंदशहर जिले के नरौरा में ये मगरमच्छ गंगनहर से बाहर निकल आया। वन विभाग की टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू किया और वापस नहर में छोड़ा। मगरमच्छ भैया, यहां नौतपा चल रहा है, पानी में ही रहिए।



वीडियो वायरल होने के बाद तमाम लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर्स ने लिखा - गर्मी क्या ना कराए... पानी भी तो उबल ही रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा - यह ऐसी गर्मी है यहां इंसान ही नहीं जानवर भी बाहर बिलबिलाकर भाग रहे हैं। तीसरे ने कहा- अभी तो बहुत चमकीला चमत्कार देखने को मिलेंगे धैर्य रखें कलयुग है भाई कलयुग...। कुछ यूजर्स को यह वीडियो एआई जनरेटेड लगा।

# शरजील इमाम को मिली जमानत

- 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले मिली जमानत
- दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा को आधी काट चुका है



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा, ''अपील स्वीकार की जाती है।'' अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो। सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि 'असाधारण परिस्थितियों' में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है।

# हरियाणा में बिल्डिंगों की चौथी मंजिल गिराई जाएगी

## टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के आदेशों से अफरा-तफरी

**फरीदाबाद/गुरुग्राम,** महावीर गोयल (पंजाब केसरी): हरियाणा सरकार के चौथी मंजिल के निर्माण को लेकर आए नए आदेशों से लोगों में अफरा-तफरी मच गई है। नए आदेशों से सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हरियाणा में चौथी मंजिल की इजाजत नहीं होगी। सरकार के नए आदेश के तहत अब चौथी मंजिल बनाने वाले बिल्डरों और भवन मालिकों को अवैध निर्माण पर खुद ही बुलडोजर चलाना होगा। अधिकारिक तौर पर ये आदेश जारी किए गए हैं। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने नए आदेश दिए हैं। सरकार के इस आदेश से जहां उन लोगों ने राहत की सांस ली है जो चौथी मंजिल के निर्माण के विरोध में थे तो वहीं वे लोग सकते में आ गए हैं जिन्होंने चौथी मंजिल का निर्माण कर लिया है और अब उन्हें तोड़ना पड़ेगा। इसके अलावा छोटे डेवलेपर्स सरकार के इस निर्णय से काफी प्रभावित होंगे। वहीं सरकार के इस निर्णय का असर उन लोगों



की जेब पर भी पड़ेगा जो फरीदाबाद, गुरुग्राम सहित हरियाणा के अन्य जिलों में अपने आशियाने खरीदना चाहते हैं। इसके अलावा 2& फरवरी 202& को इस मामले में रोक के बाद जिन आर्चीटैक्ट ने ऑक्युपेशन के लिए सर्टिफिकेट जारी करे, उन पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। ऐसे में आर्चीटैक्ट भी सरकार के इस निर्णय से सदमे में हैं क्योंकि सरकार ने ऐसे आर्चीटैक्ट्स को ब्लैक लिस्ट करने का निर्णय लिया है जिन्होंने प्रतिबंध के बावजूद ओसी जारी किया।

हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में चौथी मंजिल पर निर्माण के संबंध में चल रहे विवाद में बड़ा फैसला लिया है।

# पोर्श कांड : रक्त नमूने के दोनों बेईमान डॉक्टर निलंबित

- नाबालिग रईसजादे की इन डॉक्टरों ने की थी मदद

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को सरकारी ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों को निलंबित कर दिया, जिन्हें पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग चालक के रक्त के नमूने में कथित हेरफेर के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, बी जे मेडिकल कॉलेज और ससून सिविल अस्पताल के डीन डॉ. विनायक काले को जबरन अवकाश पर भेज दिया गया है और उनका अतिरिक्त प्रभार डॉ. चंद्रकांत म्हस्के को सौंप दिया गया है। महाराष्ट्र मेडिकल शिक्षा विभाग के आयुक्त की सिफारिश पर फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अजय तावड़े और ससून अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हल्नोर को निलंबित करने का आदेश दिया गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने कहा, ''राज्य सरकार को आरोपों की जांच के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट मिल गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन दोनों अधिकारियों (डॉक्टरों) को निलंबित करने का आदेश जारी किया है।'' डॉ. चंद्रकांत म्हस्के पुणे जिले के बारामती स्थित पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन हैं।

इससे पहले, मामले में आरोपी किशोर के रक्त नमूने बदलने के आरोप में गिरफ्तार ससून अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अजय तावड़े को निलंबित करने का प्रस्ताव भेजा गया था। डॉ. विनायक काले ने पत्रकारों को बताया था कि प्रशासन ने तावड़े की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा।

# एक महीने बढ़ा जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के कार्यकाल को एक महीना बढ़ा दिया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रविवार को जनरल पांडे के सेवा विस्तार को मंजूरी दी है।



विस्तार के बाद जनरल पांडे 30 जून तक सेना के अध्यक्ष रहेंगे। बता दें, पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे लेकिन इससे पहले ही उन्हें सेवा विस्तार दे दिया गया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को सेना अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने जनरल एम.एम. नरवणे की जगह ली थी। सेना अध्यक्ष से पहले पांडे सेना के उप-प्रमुख थे। पांडे सेना प्रमुख बनने वाले कोर ऑफ इंजीनियर्स के पहले अधिकारी हैं।

# आरक्षण खत्म करने के लिए भाजपा चाहती है '400 पार' : केजरीवाल

**जालंधर,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा 400 सीट इसलिए चाहती है ताकि वह आरक्षण को खत्म कर सके। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश को बचाने के लिए है।



केजरीवाल ने जालंधर में व्यापारियों और कारोबारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''वे 400 सीट कह रहे हैं। किसी ने पूछा कि आपको (इतनी सीट की) क्या जरूरत है? वे कहते हैं (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी कुछ बड़ा करना चाहते हैं। जब पूछा गया तो पता चला कि वे आरक्षण खत्म करना चाहते हैं और संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने खतरनाक साजिशें रची हैं।''' 'आप' नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आढ़तियों और व्यापारियों को ''चोर'' कहते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, ''लेकिन हम आपको हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं। हम आपका बहुत सम्मान करते हैं।'' उन्होंने कहा कि जिस तरह देश के विकास के लिए किसान और मजदूर महत्वपूर्ण हैं, उसी तरह व्यापारी, व्यवसायी और उद्योगपति भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, ''आप लोग मेरे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दिल्ली चुनाव खत्म होने के अगले ही दिन मैं फिरोजपुर गया और वहां व्यापारियों के साथ बैठक की।'' केजरीवाल ने कहा कि 'आप' की सरकार बनने से पहले पंजाब में उद्योग की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, ''व्यापारी राज्य छोड़कर राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे अन्य राज्यों में जा रहे थे, लेकिन पिछले दो वर्ष में उद्योगों का राज्य से बाहर जाने का सिलसिला थम गया है।''

# आजम खान दोषी करार, अन्य मामले में पत्नी जेल से रिहा

**रामपुर ,** (पंजाब केसरी): रामपुर जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान को दोषी करार दिया है। खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद हैं और वहीं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उनकी पेशी हुई। अदालत ने तत्काल सजा का ऐलान नहीं किया है। खान के वकील विनोद शर्मा ने बताया कि जबरन मकान खाली करवाकर उसे ध्वस्त करवाने के मामले में विशेष एमपी—एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री को दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर बस्ती के निवासी अबरार नामक व्यक्ति ने छह दिसम्बर 2016 को गंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें आजम खान, सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी आले हसन और ठेकेदार बरकत अली पर घर में घुसकर लूटपाट और मारपीट करने का आरोप लगाया गया था।

# लेफ्टिनेंट कर्नल और हवलदार के खिलाफ नयी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2021 में सेना में भर्ती की प्रक्रिया में कथित अनियमितता को लेकर जांच का सामना कर रहे लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के एक अधिकारी के खिलाफ बुधवार को रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कथित अनियमितता के समय पुणे स्थित सेना के दक्षिण कमान मुख्यालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल विकास रायजादा और हवलदार सुशांत नाहक पर 2021 में 'मल्टी-टास्किंग' कर्मी (एमटीएस) के पद पर भर्ती होने के आकांक्षियों से रिश्वत लेने का आरोप है। उन्होंने बताया कि 2021 में विभिन्न पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्तर कुंजी लीक करने सहित विभिन्न अनियमितताओं के सिलसिले में रायजादा को 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

# फलस्तीन पर फिल्मस्तान की एकजुटता

**नई दिल्ली,** ( पंजाब केसरी): अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने रफह में एक शिविर पर इज़राइल के हवाई हमले के बाद फलस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर किया है। इज़राइल के गाजा के रफह शहर में शिविर में किए हमले में कम से कम 45 लोगों की मौत हुई है। यह वह इलाका है जहां कुछ दिन पहले विस्थापित फलस्तीनियों के शिविर में आग लग गई थी। इज़राइल की इस हमले की लिए कड़ी निंदा की जा रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि रविवार को विस्थापितों के शिविर में आग फलस्तीनी आतंकवादियों के हथियारों से हुए विस्फोटों के कारण लगी होगी।








अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक तस्वीर साझा की जिसमें लिखा था, सभी बच्चे प्यार के हकदार हैं। सभी बच्चे सुरक्षा के हकदार हैं। सभी बच्चे शांति के हकदार हैं। सभी बच्चे जीवन के हकदार हैं और सभी माताएं अपने बच्चों को ये चीज़ें देने में सक्षम होने की हकदार हैं। करीना ने सोशल मीडिया मंच पर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की ओर से जारी की गई एक तस्वीर साझा की और कहा, रफह में बमबारी वाले शिविर से झुलसे बच्चों तथा परिवारों की तस्वीरें हम सभी को झकझोर देती हैं। अस्थायी शिविर में शरण लिए बच्चों की कथित हत्या अमानवीय है। सात महीने से अधिक समय से हम इस त्रासदी को देख रहे हैं, जिससे हजारों बच्चे की मौत हुई और कई घायल हुए हैं। करीना को इस महीने की शुरुआत में 'यूनिसेफ इंडिया' का राष्ट्रीय राजदूत घोषित किया गया था।

# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 30 May, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) फिट और हेल्दी रहने के लिए पॉजिटिव स्टेप्स लेने होंगे। अतिरिक्त खर्चों पर काबू पाने से बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस एक्सपैंड कर रहे लोगों को नए क्लाइंट्स मिलेंगे। कोई नई संपत्ति जल्द आपके नाम हो सकती है।
**लकी नंबर- 6 लकी कलर- क्रीम**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) फिटनेस प्रोग्राम जॉइन करने से आलस्य दूर होगा। कार्यक्षेत्र पर मैनेजमेंट संबंधित समस्या दूर होगी। घर पर कुछ चीजों को ठीक करने में समय लग सकता है।
**लकी नंबर- 18 लकी कलर- ब्राउन**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) सोच-समझकर किए गए निवेश से आपको लाभ मिलेगा। ऑफिस में आज कोई भी काम अधूरा ना छोड़े। दूसरे शहर की यात्रा सुखद और कंफर्टेबल रहेगी।
**लकी नंबर- 1 लकी कलर- लाइट रेड**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) रोजाना के मुकाबले आज ज्यादा एनर्जेटिक फील करेंगे। फाइनेंशियली सही फैसले लेने से सेविंग्स करने में सफल होंगे। घर पर आपके आइडियाज सभी को पसंद आएंगे।
**लकी नंबर- 2 लकी कलर- स्काई ब्लू**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याएं दूर होंगी। अच्छी आर्थिक स्थिति के कारण कुछ बड़ा सोच सकते हैं। बिजनेस फ्रंट पर मिल रहे अच्छे ऑफर को मना ना करें।
**लकी नंबर- 7 लकी कलर- मैरून**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) मेंटल स्ट्रेस दूर होने से शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। लग्न और मेहनत से वर्कफ्रंट पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। दूसरे शहर से कोई रिश्तेदार आपसे मिलने आ सकते है। किसी दोस्त को मदद के लिए मना मत करें।
**लकी नंबर- 17 लकी कलर- ऑरेंज**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) अच्छी सेहत के लिए लाइफ में भागदौड़ कम करनी होगी। पैसा कमाने के नए अवसर जल्द मिलने की उम्मीद है। सही मैनेजमेंट के कारण प्रोजेक्ट आसानी से पूरा हो जाएगा। पार्टनर को इंप्रेस करने का अच्छा मौका मिलेगा।
**लकी नंबर- 5 लकी कलर- ग्रीन**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) कुछ दिनों से चले आ रहे शरीर दर्द से निजात मिलेगी। आर्थिक तौर पर मजबूत और सिक्योर फील करेंगे। ऑफिस में कोई बड़ा प्रोजेक्ट आपको मिल सकता है।
**लकी नंबर- 4 लकी कलर- ग्रे**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) करीबी की सेहत में सुधार से राहत की सांस लेंगे। पूर्व निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। प्रोफेशनल फ्रंट पर परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेगी।
**लकी नंबर- 17 लकी कलर- पर्पल**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) पुरानी बीमारी ठीक करने के लिए घरेलू नुस्खें अपनाएं। करीबी लोगों और प्रियजनों के साथ रहकर मूड फ्रेश हो जाएगा। फैमिली के साथ कहीं घूमने जाने काप्लान कर सकते हैं।
**लकी नंबर- 8 लकी कलर- ब्राउन**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) रेगुलर एक्सरसाइज से ब्रेक लेना सही रहेगा। इनकम बढ़ाने के नए आइडियाज के बारे में सोचे। व्यापारियों को बिजनेस में प्रॉफिट होने की उम्मीद है। नई प्रोपर्टी खरीदने और घर कंस्ट्रक्ट कराने के लिए समय अच्छा है।
**लकी नंबर- 22 लकी कलर- व्हाइट**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) अच्छी हेल्थ के लिए डेली वर्कआउट मिस ना करें। प्रोपर्टी में निवेश से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज के दिन रोड ट्रिप सुखद और आरामदायक रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में छात्र बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।
**लकी नंबर- 6 लकी कलर- सिल्वर**

**REQUIRED MARKETING EXECUTIVES**

A Leading **Hindi Daily Newspaper** Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.
E-mail : careerds2250@gmail.com

**ड्राइवर और चपरासी चाहिए**

वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो। चपरासी, जो दसवीं पास हो और ऑफिस के रूटीन कार्य कर सके, फ्रेशर/अनुभवी संपर्क करें।

**संपर्क करें**

फोन नंबर- 9310206323, 9310739099
फोन करें - 10:00 AM to 5:00 PM




# नवीन बाबू की खराब तबियत के पीछे कोई साजिश लग रही है

**बारीपदा/बालासोर** (ओडिशा), (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे 'साजिश' की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। कहा, इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य



● राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी

स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है।तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने।

## पीएम के ध्यान कार्यक्रम के लिए कड़ी सुरक्षा

**कन्याकुमारी,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बृहस्पतिवार से यहां स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 45 घंटे के प्रवास के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इस दौरान मोदी यहां ध्यान लगाएंगे। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने प्रधानमंत्री के आध्यात्मिक प्रवास की अनुमति देने के खिलाफ जिलाधिकारी के समक्ष याचिका दायर की। इसमें उन्होंने चुनाव आचार संहिता लागू होने और पर्यटन सीजन का हवाला दिया। द्रमुक ने कहा कि पर्यटन सीजन में घरेलू और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आयेंगे। देश के दक्षिणी छोर पर स्थित इस जिले में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कड़ी निगरानी रखेंगी।

# कांग्रेस ने किया मणिशंकर के बयान से किनारा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से स्वयं को मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान से अलग कर लिया है। मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि 1962 में चीनियों ने 'कथित' तौर पर भारत पर आक्रमण किया था। कांग्रेस ने जहां इस बयान से खुद को अलग कर लिया, वहीं इस बयान के तूल पकड़ने के बाद मणिशंकर अय्यर ने भी 'कथित आक्रमण' वाले अपने बयान को लेकर माफी मांगी है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए आखिरी दौर का मतदान 1 जून को होना है। मतदान के इस आखिरी दौर से पहले एक बार फिर मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान की एंट्री हुई। अय्यर ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 1962 में चीनियों ने 'कथित' तौर पर भारत पर आक्रमण किया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस मसले पर कहा कि मणिशंकर अय्यर ने बाद में गलती से 'कथित आक्रमण' शब्द का उपयोग करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है।

# चुनाव में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे राहुल और अखिलेश

**देवरिया/महराजगंज,** (पंजाब केसरी): केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सपा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इन दलों ने तय कर लिया है कि लोकसभा चुनावों में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है। शाह ने देवरिया व महराजगंज में दावा किया कि भाजपा चुनावों के पहले पांच चरणों में ही बहुमत हासिल कर चुकी है। कहा, चार जून को मतगणना है।

चार तारीख की दोपहर को दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) संवाददाता सम्मेलन करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी इसलिए हम चुनाव हार गए। चार तारीख को ये ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे। छह तारीख की इनकी टिकट बुक है। ये बैंकाक और थाइलैंड चले जाएंगे। पांच चरणों में भाजपा ने 310 सीट का आंकड़ा पार कर लिया है। राहुल बाबा आपकी पार्टी 40 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पायेगी और समाजवादी पार्टी चार सीटों के



अंदर ही सिमट जाएगी। मोदी जी की सरकार बनाने का काम पांचवें चरण में पूरा हो गया है। सातवां चरण 400 पार कराने वाला है।

शाह ने कहा कि विपक्ष के 'इंडिया' के पास प्रधानमंत्री पद का कोई प्रत्याशी ही नहीं है और 130 करोड़ के भारत में बारी-बारी वाले प्रधानमंत्री नहीं चल सकते। भाइयों और बहनों, यह परचून की दुकान नहीं है। यह 130 करोड़ का महान भारत है। बारी-बारी का प्रधानमंत्री चल सकता है क्या? पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे।

## ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस ने चलाई कैंची

शाह ने कहा कि कांग्रेस-सपा झूठ के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस आरोप लगाती है कि मोदी जी आरक्षण समाप्त कर देंगी लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री रहे हैं और उन्होंने कभी आरक्षण को हाथ नहीं लगाया। इन लोगों ने तुष्टीकरण की राजनीति के लिये पिछड़े समाज के आरक्षण पर कैंची चलायी।

आरक्षण अगर किसी ने काटा है तो वह कांग्रेस पार्टी है। कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और बंगाल में मुसलमानों को आरक्षण दिया, जो दलित और पिछड़े वर्ग का हिस्सा था। मैं मोदी की गारंटी देने आया हूं। जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है तब तक दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा पायेगा।

# धर्म के आधार पर देश को बांटने का प्रयास कर रहा विपक्ष : गडकरी

**ऊना,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्ष का एक वर्ग आंतरिक और बाहरी शक्तियों की मदद से जाति और धर्म के आधार पर देश को बांटने का प्रयास कर रहा है।

गडकरी ने भाजपा और उसके नेताओं के कामकाज के बारे में लोगों को गुमराह करने का प्रयास करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को झूठे और भ्रष्ट लोगों की पार्टी बताया और दावा किया कि भाजपा नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। गडकरी ने कहा, यह सभी की ड्यूटी है कि वे केवल उन लोगों को चुनें, जिन्होंने उनकी भलाई के लिए काम किया और देश की नीतियां व कार्यक्रमों को नयी दिशा दी। वह हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और कुटलेहड़ विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के समर्थन में प्रचार कर रहे थे।

# आपदा में देवभूमि के साथ खड़ी रही भाजपा, कांग्रेसी दुबके रहे घरों में: अनुराग

**सुजानपुर/धर्मपुर/भोरंज** (पंजाब केसरी) हमीरपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा की मोदी सरकार प्रत्येक आपदा और विपत्ति में हिमाचल के साथ चट्टान की तरह खड़ी रही। हमने मोदी के आशीर्वाद और अपनी प्लानिंग से यह सुनिश्चित किया कि हमीरपुर और हिमाचलवासियों को कोरोना में कोई कष्ट ना हो और प्राकृतिक आपदा में भी त्वरित राहत पहुंचे। कोरोना काल के समय राज्य और केंद्र दोनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के कारण हम बेहद अच्छी तरह से लोगों कि देखभाल कर पाए। प्राकृतिक आपदा के समय जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब मोदी जी ने तो अपनी ओर से मदद में कोई कमी नहीं छोड़ी परंतु राज्य की निकम्मी कांग्रेस सरकार बंदरबांट और भाई भतीजावाद करने में ही लगी रही। आपदाओं के समय जब भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम और मानव सेवा को अपना ध्येय बनाकर कार्य कर रहा था तब ये कांग्रेसी नेता अपने घरों में दुबके रहे



● पीएम मोदी ने आपदा में की हरसंभव मदद

और अब बयानवीर बने घूम रहे हैं। सुजानपुर, धर्मपुर, भोरंज और घुमारवीं विधानसभाओं में जनसभाओं और मीडियाकर्मियों से वार्तालाप के दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत मदद मांगने वाला नहीं, मदद देने वाला देश है। हमने कोविड के समय न सिर्फ अपने देशवासियों की जान बचाई बल्कि 160 अन्य देशों को भी वैक्सीन मैत्री के जरिए कोविड वैक्सीन पहुंचाई।

ठाकुर ने आगे बताया" मैंने कोरोना महामारी के दौरान अपने निजी प्रयासों से रु.10.30 करोड़ से हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराईं। कोरोना महामारी के समय में पूरे हिमाचल प्रदेश और विशेष कर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कोरोना मरीजों को ऑक्सीजन की कोई कमी ना हो इसीलिए मैंने यहां एक ऑक्सीजन बैंक बनवाया था जिससे 1400 बेडों को निर्बाध रूप से ऑक्सीजन मिल रहा था।

# भाजपा सरकार ने आपदा में हिमाचल को नहीं दी मदद : प्रियंका गांधी

**कुल्लू/मंडी,** विक्रान्त सूद। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मंडी में पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में जनसभाएँ की और ताबड़तोड़ प्रचार किया। उन्होंने रोड शो भी निकला, जिसमें लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना घर बताते हैं, लेकिन जब राज्य में आपदा आई तो वह एक बार भी हिमाचल प्रदेश नहीं आए और केंद्र की ओर से आपदा प्रभावितों के लिए एक पैसा तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वहीं मदद प्रदान करती है, जहां भाजपा की सरकारें होती हैं, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार होने के कारण केंद्र सरकार ने एक रूपए की मदद भी नहीं भेजी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि पूरी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आपदा में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े रहे और प्रभावितों की मदद की। उन्होंने कहा कि सेवा ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है और हिमाचल प्रदेश की जनता जानती है कि संकट के समय उनके साथ कौन खड़ा रहा। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने एक साज़िश के तहत विधायकों को ख़रीद कर राज्य के ईमानदार लोगों की चुनी हुई



● 10 वर्ष में भाजपा विश्व की सबसे अमीर पार्टी बनी

ईमानदार सरकार को गिराने का प्रयास किया है, लेकिन लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में भाजपा विश्व की सबसे अमीर पार्टी बन गई क्योंकि छापे मारकर चंदा वसूल किया गया। जिस कंपनी की वैक्सीन के कारण मौतें हो रही हैं, भाजपा ने उसी कंपनी से 52 करोड़ का चंदा लिया। गुजरात में जिस कंपनी का पुल गिरा, भाजपा ने उसी से चंदा लिया और जिन-जिन पर छापे मारे, उनसे चंदा लेकर छापे बंद कर दी। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह कभी भी पार्टी के सेवा के लिए पीछे नहीं हटे।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान, लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा: खड़गे

**बालासोर (ओडिशा),**(पंजाब केसरी): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए बुधवार को दावा किया कि अगर भाजपा सत्ता में लौटती है, तो लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में पड़ जाएंगे। बालासोर में खड़गे ने कहा, इस चुनाव में अगर आप भाजपा को नहीं हराते हैं, तो हमारा संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में पड़ जाएंगे, साथ ही आपका भविष्य भी।

उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए देश की आरक्षण नीति खतरे में पड़ जाएगी। कहा, मौजूदा शासन में युवा सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। बेरोजगारी की दर बहुत अधिक है और पूरे देश में संकट है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी इन मुद्दों के प्रति उदासीन हैं। उनका एकमात्र ध्यान सत्ता बरकरार रखने पर है।

# 'लव जिहाद', 'घुसपैठ जिहाद' जैसी ताकतों को संरक्षण दे रही झामुमो

**देवघर (झारखंड),**(पंजाब केसरी): भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा पर 'लव जिहाद', 'भूमि जिहाद' और 'घुसपैठ जिहाद' में शामिल ताकतों को संरक्षण देने का बुधवार को आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि सत्तारूढ़ सरकार द्वारा समर्थित ताकतें आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार कर रही हैं और उनकी जमीन हड़प रही हैं। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया था कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठ का समर्थन कर रहा है और झारखंड पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। नड्डा ने देवघर में कहा कि जल, जंगल, जमीन जैसे मुद्दों पर सत्ता में आई सरकार 'भूमि जिहाद और लव जिहाद' में सक्रिय ताकतों को संरक्षण देने में शामिल हो गई है। वे आदिवासी लड़कियों को निशाना बना रही हैं...यह (सरकार) घुसपैठियों के 'जिहाद' को बढ़ावा दे रही है। रेत और ज़मीन की लूट अपने चरम पर है। क्या आप चाहते हैं कि ऐसी सरकार चलती रहे। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी जैसे नेता आदिवासी आरक्षण छीनकर



मुस्लिम तुष्टीकरण में लिप्त हैं। कहा, राहुल गांधी संविधान की प्रति अपने पास रखते हैं, लेकिन उसे कभी पढ़ते नहीं हैं। नड्डा ने कहा, राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि आंध्र प्रदेश में चार बार आदिवासी/दलित आरक्षण छीनकर मुसलमानों को क्यों दिया गया...मुझे जवाब चाहिए कि आपने कर्नाटक में दो बार ओबीसी आरक्षण छीनकर मुसलमानों को क्यों दिया...यह असंवैधानिक है। जनता का पैसा लूटने वाले भ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस नेताओं को जेल भेजा जाएगा।

नड्डा ने कहा,राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पी. चिदंबरम, (अरविंद) केजरीवाल, लालू प्रसाद, तृणमूल नेता, द्रमुक नेता जमानत पर हैं। हेमंत (सोरेन), (मनीष) सिसोदिया, सत्येंद्र जैन जेल में हैं।

# लोगों को उनकी जरूरत से ज्यादा मुफ्त राशन मिल रहा है : राजनाथ सिंह

**विक्रमगंज (बिहार),**(पंजाब केसरी): रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि मुफ्त राशन योजना के तहत लोगों को उनकी जरूरत से अधिक खाद्यान्न मिल रहा है और वे बचे हुए राशन को बाजार में बेच देते हैं । बिहार के काराकाट के विक्रमगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, जहां तक गरीबी का सवाल है, आज यदि पांच किलो मुफ्त राशन लोगों को मिल रहा है, आप ईमानदारी से बताइए....एक घर में चार लोग हैं तो चारों लोग पांच-पांच किलो (अनाज) लेते हैं। जब पूरा (अनाज) खा नहीं पाते तो कुछ ले जाकर बेच देते हैं। हमें नहीं लगता कि हमने लोगों को शौचालय और पक्के मकान प्रदान करके कोई एहसान किया है, क्योंकि हम सेवा की भावना के साथ राजनीति करते हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, ''दुनिया के सभी देशों से सबसे



कम महंगाई कहीं है तो वह भारत में है। सिंह ने कहा, ''महंगाई का जहां तक सवाल है तो भारत की खाद्य महंगाई सबसे कम 2.91 प्रतिशत है। अमेरिका में 7.7 प्रतिशत, फ्रांस में 19 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 8.5 प्रतिशत, पाकिस्तान में 48 प्रतिशत, ब्रिटेन में 19 प्रतिशत, जर्मनी में 8 प्रतिशत, जापान में 8.5 प्रतिशत और श्रीलंका में 21 प्रतिशत महंगाई है। जैसे दुनिया से डायनासोर विलुप्त हो गए हैं वैसे ही भारत की राजनीति से यह कांग्रेस भी 10 वर्ष के बाद लुप्त हो जाएगी।रूस और यूक्रेन अपने युद्ध को रोकने के लिए सहमत हुए जिससे वहां फंसे हमारे छात्रों की सुरक्षित वापसी संभव हो पाई। तीन तलाक और अनुच्छेद 370 का जिक्र करते हुए कहा कि हम ऐसी किसी भी प्रथा को स्वीकार नहीं करते हैं जो हमारी बहनों और बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाती है। हम वोट की परवाह किये बिना काम करते हैं।

उन्होंने चुनाव के बाद मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले कल्याणकारी उपायों का जिक्र करते हुए कहा, सभी सामाजिक वर्गों के लोग जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं, उन्हें आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार के लिए पात्र बनाया जाएगा। मोदी पहली कैबिनेट बैठक में ही इसे मंजूरी दे सकते हैं।

## दुनिया में बढ़ी भारत की हैसियत

श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने देश पर 52 साल तक शासन किया लेकिन भारत को दुनिया में जो ऊंचाई हासिल करनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी। बीते 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद दुनिया में भारत को लेकर अवधारणा बदली है और आज भारत जब बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। भारत की हैसियत पूरी दुनिया में बढ़ी है।भारत को अब एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखा जाता और न ही पाकिस्तान अब आतंकवादियों को भेजने की हिम्मत करता है।

### 'राजद की लालटेन में खत्म हो गया तेल'

सिंह ने कहा कि लोगों ने बिहार में राजद को देखा है, लेकिन अब इस पार्टी की हवा निकल गयी है तो उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है। अब राजद की लालटेन में तेल खत्म हो गया है और उसकी लौ बुझने वाली है।

# महिला प्रत्याशियों की संख्या 2009 की तुलना में 2024 में 2.6% बढ़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव लड़ने वाली महिला उम्मीदवारों की संख्या में 15 वर्ष में लगातार वृद्धि देखी गई है और यह संख्या 2009 में सात प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 9.6 प्रतिशत हो गई है। एडीआर के मुताबिक यह जानकारी सामने आई है। इस वर्ष 797 महिलाएं मैदान में हैं, जो कुल 8,337 उम्मीदवारों का 9.6 प्रतिशत है। यह पिछले आम विधानसभा चुनावों की तुलना में वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2019 में नौ प्रतिशत, 2014 में आठ प्रतिशत और 2009 में सात प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व दर्ज किया गया था। एडीआर के अनुसार, 2009 के लोकसभा चुनाव में 556 महिला उम्मीदवार थीं, जो कुल 7,810 उम्मीदवारों का करीब सात प्रतिशत थीं। वर्ष 2014 में यह संख्या बढ़कर 640 (8,205 का आठ प्रतिशत) हो गई और 2019 में 716 (7,928 का नौ प्रतिशत) हो गई। इस वर्ष भाजपा प्रमुख दलों में सबसे आगे है, जिसके 440 लोकसभा उम्मीदवारों में से 69 महिला उम्मीदवार हैं, जो इसके कुल



उम्मीदवारों का 16 प्रतिशत है। कांग्रेस के 327 उम्मीदवारों में से 41 महिलाएं हैं, जो 13 प्रतिशत है। छोटे दलों और क्षेत्रीय उम्मीदवारों में महिला उम्मीदवारों का अनुपात उल्लेखनीय रूप से अधिक है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में 40 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं, जिनमें से पांच में से दो महिलाएं हैं। एडीआर के अनुसार, प्रमुख दलों में, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे कम यानी तीन-तीन प्रतिशत है। इस वर्ष के संसदीय चुनावों में उल्लेखनीय महिला प्रतिनिधित्व वाले कुछ दलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा और बीजद शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक में 33 प्रतिशत, राजद में 29 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं।

# गोरखपुर में दो कलाकारों की टक्कर

**गोरखपुर,** (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रसिद्ध 'गोरक्षपीठ' के चलते ज्यादातर चर्चा में रहने वाला गोरखपुर इस बार लोकसभा चुनाव में भोजपुरी फिल्मों के दो दिग्गज कलाकारों के आमने-सामने होने से चर्चा में है। टीवी धारावाहिक 'लापतागंज' से घर-घर चर्चित हुईं 'इंडिया' गठबंधन की उम्मीदवार काजल निषाद और हाल ही में आई फिल्म 'लापता लेडीज' में अपनी भूमिका के लिए वाहवाही बटोर रहे इस लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार रवि किशन की मौजूदगी ने चुनाव प्रचार अभियान को रोमांचक बना दिया है। पूर्वी उत्तर



रवि किशन बनाम काजल निषाद

प्रदेश के प्रमुख लोकसभा क्षेत्रों में शामिल गोरखपुर में बहुजन समाज पार्टी के जावेद सिमनानी सहित कुल 13 उम्मीदवार मुकाबले में हैं, पर मुख्य मुकाबला रवि किशन और काजल निषाद के बीच ही माना जा रहा है। रवि किशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर तथा अपने ग्लैमर के सहारे मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं उनकी प्रतिद्वंद्वी काजल निषाद मंचों से रवि किशन को फिल्मी शैली में ही ललकारती नजर आती हैं। काजल मंचों से रवि किशन पर हमला बोलते हुए कहती हैं, 'वह बाहरी हैं, क्षेत्र में आते नहीं हैं, मैं आपकी बहू हूं, आपके घर की हूं। वहीं, रवि किशन खुद को यहां का मूल निवासी बताते हुए लगातार पांच वर्ष से जनता की सेवा का दावा करते हैं।

वह कभी 'हर-हर महादेव' बोलते हुए युवाओं से पंजा लड़ाते नजर आते हैं तो कभी अपने साथ सेल्फी लेने वाले युवाओं को उत्साहित करते दिखते हैं।

# संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आयी तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है। खड़गे के बाद राहुल गांधी कांग्रेस के दूसरे ऐसे शीर्ष नेता हैं, जिन्होंने पंजाब में मादक पदार्थों का मुद्दा उठाया है। लुधियाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। राहुल ने कहा, पहली बार किसी पार्टी और उसके नेताओं ने कहा है कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो संविधान बदल देंगे और



संविधान को खत्म कर देंगे। पंजाब में आप की सरकार है जो कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है लेकिन पंजाब में दोनों एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि किसान जमीन बेचने के बाद अपने बच्चों को इस डर से विदेश भेज रहे हैं कि कहीं वे नशे के शिकार न हो जाएं। रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं होने के कारण हर कोई पलायन करने को मजबूर है। पहली बार किसी पार्टी और उसके नेताओं ने कहा है कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो संविधान बदल देंगे और संविधान को खत्म कर देंगे। उन्होंने संविधान की एक प्रति लहराते हुए कहा कि यह कोई किताब नहीं, बल्कि गरीबों की आवाज है। चाहे आरक्षण हो, सार्वजनिक क्षेत्र हो या गरीबों का अधिकार हो। आपको जो भी मिलता है, वह संविधान से मिलता है और भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए गांधी ने कहा कि उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के बारे में 'झूठ' बोला। मैं गारंटी देते हूँ कि जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, उसका पहला काम कृषि ऋण माफ करना होगा। क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने भी किसानों का लगभग 70,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया था।

Wanted
ACCOUNTANT
Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office Near NSP Metro Station, Delhi.
Apply with details within 7 days.
Email: careerds2250@gmail.com
Mobile : 9310206323 | 9310739099

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New





# ये आंसू पूछ रहे सवाल...



# स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी आरएन दास सस्पेंड

**एलजी ने नर्सिंग होम रजिस्ट्रेशन से जुड़े मामले में की कार्रवाई** | **चाइल्ड केयर सेंटर की पंजीकरण प्रक्रिया में उठ रहे थे सवाल**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) डॉ. आरएन दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई निजी नर्सिंग होम्स के अनियमित और अवैध पंजीकरण में कथित अनियमितताओं को लेकर की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि आरएन दास को निलंबित करने का तात्कालिक कारण वैध पंजीकरण अवधि गुजरने के बाद भी शहादरा के ज्योति नर्सिंग होम को अनधिकृत और अवैध रूप से चलाने के संबंध में कथित मिलीभगत है, जबकि वह नर्सिंग होम सेल के चिकित्सा अधीक्षक भी थे। दिल्ली के विवेक विहार स्थित चाइल्ड केयर सेंटर अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे थे। इस अस्पताल में 25 मई (शनिवार रात) आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। उपरोक्त घटनाएं इस बात की ओर इशारा करती हैं कि डॉ. आरएन दास जो तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी भी हैं। सत्येन्द्र जैन और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट रूप से अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है।





डॉ. आरएन दास

बुधवार को जारी दास के निलंबन आदेश में सतर्कता निदेशालय ने कहा कि उपराज्यपाल दिल्ली उन्हें प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी डॉ आरएन दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हैं। इसमें कहा गया है कि इस आदेश के प्रभावी रहने की अवधि के दौरान डॉ. दास, स्वास्थ्य मंत्री के विशेष ड्यूटी अधिकारी का मुख्यालय दिल्ली होगा और सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना उन्हें मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के मुताबिक दास को उनके निलंबन की अवधि के दौरान एफआर-53 के तहत आधे औसत वेतन पर छुट्टी पर रहने की स्थिति में उनके द्वारा प्राप्त अवकाश वेतन के बराबर राशि का निर्वाह भत्ता मिलेगा, बशर्ते कि वे इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उन्हें लाभ/पारिश्रमिक/वेतन के लिए किसी व्यवसाय, पेशे या व्यवसाय में नियोजित नहीं किया गया है। इससे पहले दास को डायरेक्टोरेट ऑफ विजिलेंस द्वारा साल 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान लगभग 60 करोड़ रुपए मूल्य की पीपीई किट (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण), दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसी विभिन्न वस्तुओं की खरीद में कथित अनियमितताओं को लेकर पिछले महीने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

# मेरे दफ्तर में काम करने वाले लोगों को हटाने की हो रही कोशिश: भारद्वाज

**एलजी साहब ने मेरे ऑफिस में नियुक्त सभी सलाहकार व कंसल्टेंट को हटाया**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी डॉ. आरएन दास को सस्पेंड किये जाने के मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी साहब चाहते हैं कि मेरा कार्यालय खाली हो जाए। इसलिए उन्होंने मेरे ऑफिस में नियुक्त सभी सलाहकार, फैलो और कंसल्टेंट को हटा दिया है। साथ ही जो अन्य अधिकारी काम कर रहे हैं, उन पर किसी ना किसी मामले में मुकदमा चलाने और उन्हें सस्पेंड करने की कोशिशें लगातार चल रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सबके उपर अलग-अलग मामलों में कोई ना कोई मुकदमा चलाने की कोशिश लगातार चल रही है। कोई भी मामला ऐसा नहीं है जो मेरे कार्यकाल का हो। सभी मामले पुराने हैं क्योंकि वे पुराने सरकारी कर्मचारी हैं, अलग-अलग विभागों में काम करते रहे हैं। किसी भी कर्मचारी की कोई भी चीज निकालकर उसको सस्पेंड कर दो बाद में उसके खिलाफ जांच चलती रहेगी, तब तक वो आदमी सस्पेंड रहेगा। आगे भारद्वाज ने एलजी पर अपने कार्यालय को खाली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ इनको ही नहीं मेरे और भी कई ओएसडी हैं जिन्हें नौकरी से हटाया गया है। बाढ नियंत्रण विभाग, डुसू, स्वास्थ्य व जलबोर्ड से संबंधित जो-जो अधिकारी, जब-जब किसी भी पोजिशन पर मेरे साथ रहे हों, सबको किसी ना किसी बहाने से या तो सस्पेंड कर दिया गया या नौकरी से निकाल दिया गया। क्योंकि एलजी साहब चाहते हैं कि मंत्री के कार्यालय को बिल्कुल खाली कर दो।



आगे उन्होंने कहा कि ये जो एलजी साहब पिछले एक साल से मुझे चिट्ठी लिखते हैं और एक घंटे में उन्हें जवाब मिल जाता है। एलजी साहब इससे बहुत परेशान हैं कि डेटा एकदम कैसे आ जाता है, इसलिए जितने भी लोग काम कर रहे हैं, उन्हें एलजी के कार्यालय की तरफ से लगातार हटाने की कोशिश की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा चूंकि विजिलेंस और सर्विसेस विभाग उन्हीं के अंडर हैं इसीलिए जो लोग उन्हें पसंद नहीं, वे उनके खिलाफ विजिलेंस की जांच शुरू करते हैं।

# एमसीडी ने आग की घटनाओं पर दिए निर्देश, मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने स्वास्थ्य केंद्रों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए परामर्श जारी करते उन्हें अग्निशमन उपकरणों के निरीक्षण, विद्युत लोड के ऑडिट तथा गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में स्वचालित छिड़काव उपकरण (स्प्रिंकलर) लगाने जैसे कदम उठाने का निर्देश दिया है। निगम ने इन स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को 31 मई तक कार्रवाई रिपोर्ट भी देने को कहा है। पूर्वी दिल्ली के एक निजी शिशु अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से छह नवजातों की मौत की पृष्ठभूमि में यह परामर्श जारी किया गया है। नगर निगम ने उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। एमसीडी की ओर से जारी परामर्श के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्रों को नियमित रूप से अग्निशमन उपकरणों जैसे अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी उपकरण कार्यशील हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि निर्माण और साज-सज्जा में प्रयुक्त सामग्री की जांच की जानी चाहिए, ताकि ज्वलनशील सामग्री की पहचान की जा सके और उसके स्थान पर अग्नि-रोधी सामग्री लगाई जा सके। परामर्श में कहा गया है अस्पतालों एवं स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारी अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर इन निर्देशों का अवश्य पालन करें, ताकि अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में आग लगने की घटनाएं रोकी जा सकें। उसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य केंद्रों को अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों का रखरखाव एवं परीक्षण करने का निर्देश दिया जाता है। उन्हें यह भी निर्देश है कि वे विद्युत लोड का ऑडिट कराएं ताकि वे सुरक्षा मानकों पर खरा उतरें एवं भारतीय राष्ट्रीय विद्युत संहिता-2023 के मुताबिक ओवरलोड की समस्या भी पैदा न हो।

# ऑक्सीजन सिलेंडर स्टोरेज के दिशा-निर्देशों का था उल्लंघन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के बेबी केयर न्यू बॉर्न चाइल्ड अस्पताल ने ऑक्सीजन सिलेंडर के स्टोरेज पर गृह मंत्रालय (एमएचए) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया था। हाल ही में इस अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। दिल्ली पुलिस ने घटना के संबंध में अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मालिक की पहचान पश्चिम विहार के भेरा एनक्लेव निवासी नवीन किची के रूप में हुई है। जबकि डॉक्टर की पहचान हरियाणा के चरखी दादरी जिले के निवासी डॉ. आकाश (26) के रूप में हुई है। आकाश ने बीएएमएस किया है। 23 अप्रैल 2021 के गृह मंत्रालय के सर्कुलर के अनुसार, ऑक्सीजन को ज्वलनशील और दहनशील पदार्थों से कम से कम 20 फीट की दूरी पर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, 'नो स्मोकिंग' और 'नो ओपन फ्लेम' के संकेत लगाए जाने चाहिए। लिक्विड पदार्थ से भरे कंटेनरों को लंबे समय तक वातावरण में खुला नहीं छोड़ना चाहिए।

# डॉ. दास का निलंबन शुरुआत, किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा: सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी एवं मुख्यमंत्री के नजदीकी अधिकारी डॉ. आरएन दास के निलंबन मामले में कहा कि अभी तो सिर्फ यह शुरुआत है क्योंकि ऊपर से नीचे तक के सभी अधिकारी जो भ्रष्टाचार के खेल में शामिल थे, उनके निलंबन की मांग हम और तेज करेंगे। साथ ही हम 2021 के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन एवं स्थानीय आम आदमी पार्टी विधायक की भूमिका की भी जांच की मांग करेंगे।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के विवेक विहार अग्निकांड में सात मासूमों की जिंदगी छीनने वाले संलिप्त अधिकारी और दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी रहे डॉ. आरएन दास का निलंबन होना इस बात का गवाह है कि इस पूरे मामले में गलती दिल्ली सरकार की अव्यवस्था और भ्रष्टाचार में लिप्त स्वास्थ्य विभाग की है।



सचदेवा ने कहा कि हर वह आदमी जो इस हत्याकांड में शामिल है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उसके लिए भाजपा लगातार लड़ती रहेगी। यह सिर्फ अभी शुरुआत है, लेकिन दिल्ली को इस तरह से आग की भट्टी में जलाने वाले, भ्रष्टाचार को अपने आय का साधन बनाने वाले हर उस आदमी के खिलाफ हम लड़ते रहेंगे, जब तक इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती।

# दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का भी हो ऑडिट: बिधूड़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण गरीब लोगों को दोयम दर्जे के नर्सिंग होम्स में जाकर इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इन अस्पतालों में भारी चार्ज वसूला जाता है और मरीजों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं होता। इसी कारण हादसों में लोगों की जान जाती है। हादसों की पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है जिसे पिछले दिनों हाईकोर्ट ने भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध न होने के कारण कड़ी फटकार लगाई है। बिधूड़ी ने उपराज्यपाल के उस आदेश का समर्थन किया जिसमें सभी अस्पतालों की जांच के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि केवल प्राइवेट अस्पतालों का ही नहीं, बल्कि सरकारी अस्पतालों का भी ऑडिट कराने की जरूरत है क्योंकि दिल्ली सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं का जो बखान किया जाता है, असल में वहां कुछ भी मौजूद नहीं है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की बात सरकार अक्सर करती है, लेकिन विवेक विहार में नवजात बच्चों के अस्पताल में आग लगने की घटना ने दिल्ली सरकार की पोल खोल दी है। बड़े अस्पतालों के चार्ज प्रतिदिन 50 से 75 हजार रुपए के हैं, जो आमजन की पहुंच से बाहर हैं। ऐसे में लोगों को दोयम दर्जे के नर्सिंग होम में जाकर अपने बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करना पड़ता है।



# 'भगवान शिव को हमारी सुरक्षा की जरुरत नहीं'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को यमुना नदी के किनारे अनधिकृत तरीके से बने मंदिर को हटाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान भगवान शिव को पक्षकार बनाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि यमुना नदी के किनारे और बाढ़ के मैदानों से सभी अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण हटा दिए जाएं तो भगवान शिव ज्यादा खुश होंगे। यही नहीं कोर्ट ने यह भी कहा है भगवान शिव को हमारी सुरक्षा की जरुरत नहीं है बल्कि हम लोगों को भगवान के आशीर्वाद की जरुरत है। इसके साथ ही कोर्ट ने यमुना फ्लड प्लेन के पास गीता कॉलोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर को गिराने के आदेश को खारिज करने से भी इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की यह दलील कि मंदिर के देवता होने के नाते भगवान शिव को भी इस मामले में पक्षकार बनाया जाना चाहिए, पूरे मामले को एक अलग रंग देने की कोशिश प्रतीत होता है। भगवान शिव को हमारी सुरक्षा की जरूरत नहीं है बल्कि हम लोगों को उनके आशीर्वाद की जरुरत है।



सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर यमुना के मैदानी इलाकों को सभी अतिक्रमणों से मुक्त करा दिया जाए तो भगवान शिव अधिक खुश होंगे। दरअसल, याचिकाकर्ता मंदिर समिति ने दावा किया कि मंदिर आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र है जहां नियमित रूप से 300 से 400 श्रद्धालु आते हैं। याचिका में दावा किया गया था कि सोसायटी को मंदिर की संपत्तियों की पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार प्रबंधन को बनाए रखने के उद्देश्य से साल 2018 में रजिस्टर्ड किया गया था। हांलाकि, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सोसायटी की जमीन पर कब्जा करने और इसका उपयोग जारी रखने के लिए अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। यह जमीन शहरी विकास मंत्रालय की ओर से निर्धारित जोन-'ओ' के लिए क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत आती है।

# देश बचाने के लिए जा रहा हूं जेल इस बात पर हमें गर्व: केजरीवाल

**सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद बोले सीएम, मैं जेल जाने के लिए तैयार**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर जल्द सुनवाई से इंकार के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 2 जून को जेल जाने के लिए तैयार हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि वह देश बचाने के लिए जेल जा रहे हैं और उन्हें इस बात का गर्व है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया। लोग कह रहे हैं कि अगर केजरीवाल भ्रष्ट हैं तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। उनके पास कोई सबूत नहीं है। उन्होंने 100 करोड़ रुपए के घोटाले का दावा किया और 500 स्थानों पर छापे मारे, लेकिन एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ। क्या पैसा हवा में चला गया।



केजरीवाल ने कहा कि अभी एक भाजपा नेता से टीवी के एक इंटरव्यू में पूछा गया कि केजरीवाल के खिलाफ आपके पास सबूत नहीं है। कोई रिकवरी नहीं हुई, तो आपने उसे क्यों गिरफ्तार किया हुआ है। भाजपा नेता ने कबूल किया कि उनके पास कोई सबूत नहीं है। हमारी कोई रिकवरी नहीं हुई है। वो इसलिए कि केजरीवाल एक अनुभवी चोर है। पूरे देश के सामने भाजपा वाले ने कबूल किया कि उनके पास कोई सबूत नहीं है। तो इसका मतलब पूरा केस फर्जी है। फिर इन्होंने मुझे क्यों गिरफ्तार कर रखा है। सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया है कि जो काम केजरीवाल कर सकता है, वह भाजपा वाले नहीं कर सकते।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मैंने दिल्ली और पंजाब में लोगों को मुफ्त बिजली दी। भाजपा नेता यह नहीं कर सकते। मैंने बच्चों के लिए बेहतरीन सरकारी स्कूल बनवाए, भाजपा नेता ऐसा नहीं कर सकते। मैंने लोगों के इलाज के लिए मोहल्ला क्लीनिक खोल दिए, भाजपा नेता नहीं कर सकते। जितने काम मैंने कए हैं, वो भाजपा वाले नहीं कर सकते। इसलिए वो चाहते हैं कि केजरीवाल को जेल में डाल दो, उसके काम खत्म हो जाएंगे।'

### सीएम चाहे जितना भी अनुरोध कर लें, जेल जाना ही होगा: भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी जमानती प्रार्थनाओं पर टैक्स पेयर के पैसे को बर्बाद करते देखना दुखद है। यह दुखद है कि केजरीवाल जो अपने कांग्रेसी पृष्ठभूमि के वकीलों के साथ कानूनी तंत्र से खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं और अंतरिम जमानत का विस्तार करने का मौका तलाश रहे हैं, लेकिन वह सफल नहीं होगें और दो जून को उन्हें जेल जाना ही होगा।उन्होंने कहा कि देश के लोग हैरान हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल एक ओर 49 डिग्री के तापमान में जनसभा रोड शो करते दिखते हैं, जबकि दूसरी ओर खतरनाक बीमारी होने दावा करते हैं।

# एलजी ने सरकार पर लगाया जिम्मेदारी से भागने का आरोप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार सहित स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज पर विवेक विहार के अस्पताल में आग लगने की घटना में जिम्मेदारी से भागने का आरोप लगाया। सतर्कता विभाग ने इस घटना को लेकर सामने आयी खामियों को स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान लाने के लिए स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है। विजिलेंस विभाग ने लिखा है कि विवेक विहार अस्पताल हादसे में सात बच्चों की मौत एक बेहद दुखद विषय है। यह यह नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा है जिसके चलते पीडित अभिभावक ठगे जा रहे थे। ऐसा केवल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण हो रहा है। साथ ही यह मामला इसीलिए भी गंभीर है क्योंकि यह मामला स्वास्थ्य मंत्री की सीधी जिम्मेदारी से जुड़ा हुआ है। यह दिल्ली में निजी अस्पतालों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के कुप्रबंधन की दुखद कहानी है। पत्र में आगे कहा गया है कि राजधानी में खस्ताहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हाईकोर्ट ने भी दिल्ली सरकार का ध्यान आकर्षित किया था लेकिन जनहित से जुड़े मुद्दे पर सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया।

# बिभव ने गिरफ्तारी को बताया अवैध, मुआवजा भी मांगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार बिभव कुमार ने बुधवार को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे की मांग की है। हाईकोर्ट बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। बिभव कुमार ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने की मांग की है। कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। यही नहीं कुमार ने ''अवैध'''' गिरफ्तारी के लिए ''उचित मुआवजे'''' और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की है। बता दें कि इससे पहले तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मालीवाल की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराने में कोई ''पूर्व नियोजित मंशा'''' नहीं थी और उनके आरोपों को ''खारिज नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मालीवाल ने आरोप लगाया है कि कुमार ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर उनके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। फिलहाल मंगलवार को कोर्ट ने दोबारा कुमार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।



# दिल्ली हाईकोर्ट में मुफ्त वाई-फाई सुविधा की शुरुआत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरूआत हुई। जिससे अधिवक्ताओं, वादियों और आम जनता को कानूनी संसाधनों, केस की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण डेटा तक निर्बाध पहुच मिल सकेगी। यह पहल न्यायिक बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य न्यायालय के वातावरण में दक्षता और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ावा देना है। ओटीपी-आधारित वाई-फाई सेवा, जो अब 'ए" ब्लॉक, 'बी" ब्लॉक, 'सी" ब्लॉक, एक्सटेंशन ब्लॉक, मध्यस्थता केंद्र और वकीलों के कैफेटेरिया में उपलब्ध है, का उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने किया। इस अवसर पर दिल्ली हाईकोर्ट के कई अन्य न्यायमूर्ति भी उपस्थित रहे हैं। इस मौके पर वाई-फाई सुविधा के अलावा, इस कार्यक्रम में कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया गया।

# शाह व योगी के हेलीकॉप्टर में बम की धमकी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों में मंगलवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल कर बताया कि गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर में बम लगा दिया है। कॉल के तुरंत बाद ही कॉलर ने अपना फोन बंद कर लिया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के साथ व नंबर पंजीकृत के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस ने कॉल के आधे घंटे के भीतर ही आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान सादतपुर निवासी रविंद्र तिवारी के रूप में की है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक मंगलवार करीब 10:05 बजे एक व्यक्ति ने पीसीआर को सूचना दी कि उसने गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के सीएम के हेलीकाप्टर में बम रख दिया है। इतना कहते ही उसने फोन बंद कर दिया। मामला देश के गृहमंत्री से जुड़ा होने के चलते पुलिस ने तुरंत तकनीकी आधार पर जांच शुरू कर दी। मोबाइल लोकेशन सादतपुर की मिली। पुलिस को वहां पर मातादीन तिवारी नाम का व्यक्ति मिला। उन्होंने पुलिस को बताया कि जिस नंबर से कॉल हुई है, वह उनके बेटे रविंद्र का है। पुलिस रविंद्र को घर के पास से ही दबोच लिया। पुलिस को आगे जांच में पता चला कि रविंद्र मानसिक रूप से कमजोर है और नशे का आदी है। गत दो मई को उसने राष्ट्रपति भवन को उड़ाने की भी धमकी दी थी। इससे पहले भी वह पुलिस को इस तरह की काल कर परेशान कर चुका है। वह पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित समेत कई नेताओं को बम से उड़ाने की धमकी की कॉल कर चुका है।

**हाल-ए-सरकारी अस्पताल...** पश्चिमी दिल्ली के अस्पतालों में पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे मरीज...

# बोतल लेकर पूरा अस्पताल घूम लो पानी नहीं मिलेगा

**ववीता चौहान**

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अगर आप गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल में इलाज के लिए जा रहे है तो आप अपनी पानी की बोतल घर से ले जाना ना भूले। क्योंकि पूरे अस्पताल का चक्कर लगाने के बाद भी आपको पीने का ठंडा पानी नहीं मिल पाएगा। ऐसा हाल केवल गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल का नहीं बल्कि एशिया के सबसे बड़े राजन बाबू टीबी अस्पताल का भी है। यह हाल उस वक्त है जब गर्मी दिल्ली में रोजाना रिकॉर्ड तोड़ रही है। अस्पतालों में मरीज हांफते हुए ठंडे पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते है। लेकिन उन्हें पीने का पानी नहीं मिलता है। अस्पताल में लगे वॉटर कूलर खराब पड़े हुए है।



पंजाब केसरी अस्पताल का हाल पंजाब केसरी

गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल में इलाज के लिए आए एक मरीज ने बताया कि घर से जो पानी की बोतल भर कर लाए थे वह खत्म हो गई है। अब ठंडे पानी के लिए अस्पताल में देखा तो यहां कोई व्यवस्था नहीं है। मजबूरन दुकान से बोतल बंद पानी खरीदना पड़ा। अस्पताल में बोतल लेकर घूम रहे एक तीमारदार ने बताया कि वाटर कूलर में गर्म पानी आ रहा है। जिसको इस भीषण गर्मी में पीना बेहद मुश्किल है। पीने के पानी की किल्लत में राजन बाबू टीबी अस्पताल भी किसी से पीछे नहीं है। यहां पीने का पानी दूर-दूर तक नहीं मिलता है। अस्पताल में हालत बेहद बुरे बने हुए हैं। यहां ठंडा पानी तो छोड़िए मरीजों की गर्मी से निजात दिलाने के लिए एसी तक की व्यवस्था नहीं है। मरीज खुद घर से या तो टेबल फैन लेकर आते हैं या कूलर किराए पर लेने को मजबूर है। टीबी मरीजों का गर्मी से बुरा हाल है।

पूर्वी दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल में गर्मी से मरीज अच्छे खासे परेशान है। जीटीबी अस्पताल का कूलिंग सिस्टम खराब पड़ा हुआ है। मरीज हाथ पंखे से हवा कर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है। इस संबंध में अस्पताल की नर्सेज एसोसिएशन ने उपराज्यपाल और अस्पताल प्रशासन को लेटर लिखा है। लेकिन शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।

### इन अस्पतालों में पानी की किल्लत

पश्चिमी दिल्ली के बड़े डीडीयू, अंबेडकर, राजन बाबू टीबी अस्पताल और गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, महर्षि वाल्मीकि अस्पताल और बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पानी की किल्लत बनी हुई है। डीडीयू अस्पताल सूत्रों का कहना है कि अस्पताल का आरओ प्लांट खराब पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से पानी की किल्लत बनी हुई है। अस्पतालों में पानी की किल्लत का फायदा बोतल बंद पानी बेचने वालों को मिल रहा है। मरीजों को लोकल पानी ऊंचे दामों पर बेचा जाता है।

# वाहन धोने वाले पर 2000 का लगेगा जुर्माना

**पानी की बर्बादी करने वाले अब हो जाएं सावधान | 200 टीमें रखेंगी नजर, उल्लंघन पर कटेगा कनेक्शन | लोगों को नहीं होगी पानी की किल्लत: आतिशी**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी में पानी के संकट व इसकी बर्बादी को लेकर दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर कहा कि घरेलू पेयजल का उपयोग निर्माण कार्य में या वाहन धुलने में प्रयोग करने पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही यदि किसी के घर की पानी की टंकी ओवरफ्लो होती पायी गई या अन्य किसी भी तरीके से पानी बर्बाद के बारे में पता चलता है तो उस पर भी जुर्माना लगाया जाएगा। आतिशी ने जलबोर्ड के सीईओ को गुरुवार से 200 टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इन पर कार्रवाई की जा सके। ये टीमें सुबह आठ बजे से तैनात होंगी और पानी की बर्बादी करने वाले किसी भी व्यक्ति पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाएंगी और निर्माण स्थलों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर किसी भी अवैध पानी के कनेक्शन को काट दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब राजधानी पानी की किल्लत का सामना कर रही है और सरकार ने एक ही टाइम जलापूर्ति की घोषणा की है। जल मंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्लीवालों को पानी की किल्लत नहीं होगी। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और हरियाणा से कम पानी छोड़े जाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाए हैं। सरकार का कहना है कि पर्याप्त पानी की आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके मद्देनजर जल मंत्री आतिशी ने भीषण गर्मी के बावजूद रामलीला मैदान, दिल्ली गेट और झंडेवालान के तीन भूमिगत जलाशयों (यूजीआर) और आईपी एस्टेट टैंकर फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों को पानी की कमी को दूर करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया, ताकि दिल्लीवासियों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।



जल मंत्री आतिशी ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स" पर पोस्ट कर कहा कि इस भीषण गर्मी के समय में हरियाणा द्वारा कम पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में कई जगहों पर पानी की कमी हो रही है। पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रामलीला मैदान यूजीआर, दिल्ली गेट यूजीआर, झंडेवालान यूजीआर और आईपी एस्टेट टैंकर फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े।



### जल संकट के लिए आवश्यक उपाय कर रही सरकार

ऐसे चुनौती पूर्ण समय में केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों को जल संकट से बचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। जल स्तर की मॉनिटरिंग से लेकर इमरजेंसी पानी के टैंकरों के इस्तेमाल तक, सरकार भीषण गर्मी और जल संकट के मुद्दों का गंभीरता से समाधान कर रही है। सरकार का यह प्रयास दिल्लीवासियों के प्रति उसके दृढ़ संकल्प को दिखाता है, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## दिल्ली को अतिरिक्त पानी के लिए सीएम ने आखिर क्या किया: सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली में हो रही पानी की किल्लत का जिम्मेदार दिल्ली सरकार को ठहराते हुए कहा कि दिल्ली में पानी की कमी दूर करने के लिए आप सरकार ने समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया जिसका नतीजा है कि दिल्ली की जनता पानी के लिए हाहाकार मचा रही है। संगम विहार से बवाना, कोंडली से बिजवासन तक पालम से नरेला तक हर ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, सरकार एवं निजी टैंकर माफिया का राज चल रहा है, हर तरफ लूट का खेल है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अप्रैल के महीने से ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है और गर्मी के कारण पानी की कमी होना तय थी। दिल्ली सरकार ने न ही इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया और न ही समर एक्शन प्लान पर ही कोई काम किया जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता इस भीषण गर्मी में भी पानी जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान है। उन्होंने कहा कि अप्रैल और मई माह में आप की सरकार और उनके नेता सिर्फ राजनीतिक पर्यटन और चुनावी तैयारियों में व्यस्त रहे, उन्हें दिल्ली की जनता की चिंता तक नहीं रही। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली सरकार के सभी मंत्री सिर्फ पार्टी का काम करते रहे, वे सिर्फ जेल से बेल का खेल खेलते रहे। उन्हें दिल्ली में जनता की जरूरतों का ध्यान ही नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हमेशा से हरियाणा पर अपनी कमियों का दोष मढ़ने वाले अरविंद केजरीवाल की पंजाब में खुद की सरकार है और हिमाचल प्रदेश में उनके गठबंधन की सरकार है, वहां से भी वह पानी ले सकते थे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। दिल्ली की जनता को स्वच्छ पानी और बिजली मिले, यह प्राथमिकता मुख्यमंत्री की होनी चाहिए, मगर हर बार से उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले सीएम ने बड़े-बड़े वायदे किए थे, लेकिन आज उनका हर वायदा झूठा साबित हुआ है और जिस टैंकर माफिया के खिलाफ आवाज उठाकर उसे खत्म करने का वायदा केजरीवाल ने किया था, मगर आज वही टैंकर माफिया दिल्ली की जनता को लूटने में लगा हुआ है।




बोले हर बार हरियाणा पर दोष मढ़ने वाले केजरीवाल बताएं कि पंजाब में खुद की सरकार है और हिमाचल प्रदेश में उनके गठबंधन की सरकार है, वहां से पानी क्यों नहीं लिया

## इतिहास के झरोखे से...

### 30 मई को हुआ था प्रथम हिन्दी साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास में 30 मई का दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। इसी दिन 1826 में जुगलकिशोर शुक्ल ने दुनिया के प्रथम हिन्दी साप्ताहिक पत्र 'उदन्त मार्तण्ड" का प्रकाशन कलकत्ता से शुरू किया था। इसके अलावा देश दुनिया के इतिहास में 30 मई की तारीख पर कई महत्वपूर्ण घटनाएं दर्ज हैं। वर्ष 1981 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान और उनके आठ सहयोगियों की हत्या, देश में आपातकाल लागू किया। 1987 में गोवा को राज्य का दर्जा मिला। गोवा भारत का 26वां राज्य बना। 1996 में छह वर्षीय बच्चे गेधुन चोकी नाइया को नया पंचेन लामा चुना गया। 1998 में पाकिस्तान ने एक और (छठा) परमाणु परीक्षण किया। 1998 में अफगानिस्तान में भीषण भूकम्प से 5,000 लोगों के मरने की आशंका। 2003 में नेपाल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री लोकेन्द्र बहादुर चंद ने इस्तीफा दिया। 2004 में सऊदी अरब में बंधक संकट समाप्त, परन्तु दो भारतीयों सहित 22 की हत्या। 2007 में अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर 107 शांति रक्षक पुरस्कृत। 2012 में विश्वनाथन आनंद पांचवीं बार विश्व शतरंज चैंपियन बने।2012 में लाइबेरिया के पूर्व राष्ट्रपति चार्ल्स टेलर को सियरा लिओन के गृह युद्ध में किए गए अपराधों और मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के लिए दोषी ठहराते हुए 50 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। 2020 में सरकार ने दो महीने से अधिक समय से लागू कोविड-19 लॉकडाउन को एक जून से चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया।




## संक्षिप्त समाचार...

### के कविता के खिलाफ दायर चार्जशीट पर संज्ञान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता और अन्य के खिलाफ दाखिल ईडी की पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट ने के. कविता के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया। अब उन्हें तीन जून को कोर्ट में मौजूद रहना होगा। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत, ईडी के नए आरोपपत्र में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। बता दें कि बीआरएस नेता के. कविता एवं अन्य आरोपियों चनप्रीत सिंह, दामोदर, प्रिंस सिंह और अरविंद कुमार के खिलाफ यह पूरक चार्जशीट दायर की गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीती 27 मई को ईडी और सीबीआई के मामलों में के. कविता की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### पानी की किल्लत को लेकर विरोध-प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पानी की समस्या को लेकर अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर में लोगों ने बुधवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने हाथों में खाली बाल्टी लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया और कहा कि हम पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। अब कपड़े धोने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। दिल्ली जलबोर्ड के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया है। साथ ही भाजपा के वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमें यहां बूंद-बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

### कुलपति की नियुक्ति पर जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति को पद से हटाए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में पद से हटाए गए प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने उनके स्थान पर नियुक्त प्रोफेसर मोहम्मद शकील की नियुक्ति को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वहीं इकबाल हुसैन की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा बीती 22 मई को प्रोफेसर शकील को कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया गया था। जस्टिस विभू बखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ इकबाल हुसैन की अपील पर यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया और मामले को अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त को सूचीबद्ध किया है। हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 22 मई को मोहम्मद शमी अहमद अंसारी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए प्रो वाइस के रूप में इकबाल हुसैन की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। इसमें कहा गया था कि प्रो-वाइस चांसलर और बाद में कार्यवाहक वीसी के रूप में उनकी नियुक्ति कानून के अनुरूप नहीं हुई थी। कोर्ट के आदेश के कुछ घंटे के बाद प्रोफेसर मोहम्मद शकील को कार्यवाहक वीसी नियुक्त कर दिया गया था।




### एबीवीपी ने छात्र हत्या मामले में आइसा को घेरा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने पटना विश्वविद्यालय संबद्ध बिहार नेशनल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र की मौत के मामले में वामपंथी संगठन आइसा को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पटना विश्वविद्यालय के छात्र की इस निर्ममता के साथ हत्या किए जाने का कृत्य बेहद शर्मनाक है, एबीवीपी इस प्रकरण में संलिप्त आइसा छात्र संगठन के कार्यकर्ता के विरुद्ध कठोरमत कार्रवाई करने की मांग करती है। वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा केरल से लेकर बिहार तक इस तरह के कई प्रकरण सामने आ रहे हैं, ऐसे में इन वामपंथी संगठनों की संगठनात्मक कार्यशैली एवं पद्धति की वास्तविकता सामने आ गई है। एबीवीपी, मृतक छात्र के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करती है। वामपंथियों को शैक्षणिक परिसरों से दूर रखकर ही छात्रों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## हमने कांग्रेस से कोई शादी थोड़े की है, भाजपा को हराने के लिए हम साथ आए: केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आप-कांग्रेस गठबंधन को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। एक मीडिया चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बातचीत के दौरान सीएम के केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस के साथ आप का गठबंधन हमेशा के लिए नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप और कांग्रेस दोनों पार्टियां सिर्फ इसलिए साथ आईं ताकि भाजपा को हराया जा सके। केजरीवाल ने कहा कि चार तारीख को बड़ा सरप्राइज मिलेगा और विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया ब्लॉक लोकसभा चुनाव जीतेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी परमानेंट गठबंधन में नहीं है। हमारा लक्ष्य सिर्फ अभी भाजपा को हराना और मौजूदा शासन में गुंडागर्दी व तानाशाही को खत्म करना है। केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन पर कहा कि हमने कोई परमानेंट शादी थोड़े की है।


अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश को बचाना जरुरी है। जहां कही भी भाजपा को हराने के लिए गठबंधन की जरुरत थी, वहां आप ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया और एक ही प्रत्याशी को उतारा गया। पंजाब में भाजपा का कोई वजूद नहीं है। आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि वो डरेंगे नहीं और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस कार्यक्रम में केजरीवाल ने दिल्ली की रद्द की जा चुकी आबकारी नीति में अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मेरा फिर से जेल में जाना कोई मुद्दा नहीं है। इस देश का भविष्य दांव पर है। वो जब तक मुझे जेल में रखना चाहते हैं, उन्हें रखने दीजिए मैं डरूंगा नहीं क्योंकि भाजपा चाहती है मैं सीएम पद से इस्तीफा दे दूं लेकिन इसका सवाल ही पैदा नहीं होता है।




## भीषण गर्मी में पीने के पानी को तरसे दिल्ली वाले: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भीष्ण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत होना दिल्लीवासियों के लिए बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि भीष्ण गर्मी में दिल्ली का ऐसा कोई क्षेत्र नही जहां पानी की समस्या न हो। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यमुना में जल स्तर कम होने पर दिल्लीवासियों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। हरियाणा सरकार को तत्काल यमुना नदी में तजेवाला के पास से पानी को अधिक मात्रा में छोड़ना चाहिए ताकि भीषण गर्मी में पानी की समस्या झेल रहे दिल्लीवासियों को राहत मिले। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पानी की गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रहे लोग को राहत पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार को आपस में समन्वय स्थापित करके यमुना में पानी छोड़ने के लिए हरियाणा सरकार को बाध्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिलने वाले पानी को हरियाणा सरकार तुरंत छोड़कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं तथा यह समस्या जनता की जरुरत से जुड़ा हुआ मुद्दा है इस पर किसी भी पार्टी को अपने फायदे के लिए राजनीति नहीं करनी चाहिए।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि संबंधित एजेंसियों को इस अभूतपूर्व गर्मी से सबक लेना चाहिए तथा जल भंडारण क्षमता को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में दैनिक जल आपूर्ति 1,290 (एमजीडी) मिलियन गैलन की आवश्यकता के मुकाबले घटकर 969 की प्रतिदिन (एमजीडी) रह गई है।



## सुनीता केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर याचिका

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और कई अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में सुनीता केजरीवाल सहित सभी पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के नियमों का उल्लंघन करते हुए कोर्ट की कार्यवाही को अवैध तरीके से रिकॉर्ड करने का आरोप लगाया गया है। यही नहीं आरोप लगाया है कि इन सभी ने कथित तौर पर रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया। एक वकील द्वारा दायर इस जनहित याचिका में कोर्ट की कार्यवाही की कथित रिकॉर्डिंग और प्रसार में शामिल लोगों के खिलाफ जांच करने एवं एफआईआर दर्ज करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की अपील की गई है। याचिका में कहा गया है कि इन कार्यों से ट्रायल कोर्ट के जज का जीवन खतरे में पड़ गया है।

## आप शासित निगम की लापरवाही से दिल्ली का हाल बेहाल: नेता विपक्ष

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम चुनाव के समय आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की जनता को दी गई 10 गारंटी देने एवं उन्हें पूरा करने में विफल रहने के चलते आम आदमी पार्टी की तीखी आलोचना की। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के निगम के डेढ़ साल के कार्यकाल में निगम सेवाओं का बुरा हाल है हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है एवं दिल्ली की जनता त्राहिमाम कर रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम के रोजमर्रा के कार्यों में भी न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। कहा कि जब से आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम की सत्ता में आई है निगम की स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में दवाओं एवं सुविधाओं का अभाव है। निगम के हिंदूराव अस्पताल में भी हर तरफ फैली अव्यवस्था आम आदमी पार्टी के विफल होने की कहानी बयां कर रहे हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम के अस्पतालों में सुविधा के नाम पर गंदगी, बदहाली एवं अव्यवस्था मिल रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार बेवजह के मुद्दों में उलझकर रह गई है एवं इन्हे दिल्ली की जनता की कोई भी फिकर नहीं है।आम आदमी पार्टी की सभी गारंटियां फेल हो गई हैं। दिल्ली की जनता का बुरा हाल है। निगम के अधिकारी मनमाना व्यवहार कर रहे हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी से अनुरोध करता हूं कि थोड़ा-सा ध्यान दिल्ली की जनता एवं निगम के ऊपर भी दे लें जिससे दिल्ली की जनता को थोड़ी राहत मिले।



## अधिकारी का आश्वासन, नहीं करेगी पुलिस परेशान

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): पुलिस-पब्लिक के बीच की दूरी को खत्म करते हुए एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) सुबोध कुमार गोस्वामी लगातार जनता के बीच जाकर जनसंपर्क सभा कर रहे हैं। इसी कड़ी में उनके नेतृत्व में हर्ष विहार थाने में एक जनसंपर्क सभा आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, मार्केट एवं रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए। पुलिस अधिकारी के समक्ष लोगों ने क्षेत्र में ट्रैफिक जाम, नशे व जुआ की समस्या को प्रमुखता से उठाया। कुछ लोगों की शिकायत थी कि जब वे अपने घर पर छोटा-मोटा काम करवाते हैं तो एमसीडी के साथ-साथ बीट का पुलिस वाला भी आ जाता है। उन्हें परेशान किया जाता है। एडिशनल डीसीपी ने लोगों की समस्या सुनने के बाद आश्वासन दिया कि क्षेत्र में संगठित अपराध को मिलकर जड़ से खत्म करेंगे। इसके लिए उन्होंने लोगों से पुलिस की आंख-कान बनने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जहां कहीं कुछ गलत देखें या सुने तुरंत पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि कोई बीट वाला किसी को भी घर की मरम्मत के दौरान परेशान नहीं करेगा और यदि कोई ऐसा करता है तो तुरंत उनसे संपर्क करें। उन्होंने लोगों के साथ अपना सरकारी नंबर भी साझा किया।

## एनडीएमसी के अटल आदर्श और नवयुग स्कूलों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नई दिल्ली नगर पालिका अटल आदर्श स्कूलों और नवयुग स्कूलों ने वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक परिणाम उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10 वीं कक्षा के छात्रों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.61 प्रतिशत रहा है जबकि 12वीं कक्षा के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.68 रहा है। यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बुधवार को शिक्षा विभाग की उत्कृष्ट उपलब्धियों को साझा करते हुए यह जानकारी दी। सतीश उपाध्याय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दिशा निर्देशों के मुताबिक सभी एनडीएमसी और नवयुग स्कूल में छात्र से वर्ग अनुपात बनाए रखने के लिए एनडीएमसी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस साल कुल 28.022 छात्र नामांकित हैं और वर्ष के आखिर तक करीब 31 हजार पहुंचाने का लक्ष्य है। उपाध्याय का कहना है कि वर्तमान स्कूलों में 1027 शिक्षक कार्यरत हैं जबकि शिक्षकों की संख्या 1320 होनी है जो पद खाली पड़े हैं उनका भरने के लिए दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के खाली पड़े पदों को भरने के लिए एनडीएमसी प्रतिबद्ध है ताकि शिक्षक-छात्र का अनुपात एनईपी मानकों के अनुसार रखा जा सके। उपाध्याय ने बताया कि अटल आदर्श तथा नवयुग स्कूलों के शीर्ष दस छात्रों को पालिका प्रतिभा पुरस्कार की पहल की गई है, जिसमें प्रत्येक छात्र को दस हजार रुपए का पुरस्कार मिलता है। इन पैसों का उपयोग कर छात्रों को अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। बताया गया कि जुलाई 2024 से मार्च 2025 तक जूनियर मॉडर्न स्कूल के सहयोग से प्राथमिक शिक्षकों के लिए एक व्यापक अंग्रेजी उच्चारण और प्रवाह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



**खास बातें...** जलभराव वाले हॉटस्पॉट की पहचान की, कंट्रोल से लगातार की जाएगी निगरानी

## मानसून से पहले नालियां होंगी साफ: एमसीडी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक मानसून कार्य योजना तैयार की है। कार्य योजना में मुख्य रूप से नालों की समय पर सफाई, जलभराव वाले हॉटस्पॉट की पहचान और जलभराव की घटनाओं की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाने और टीमों के गठन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दिया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के बीच समन्वय भी सुनिश्चित किया जाएगा। निगम अधिकारियों ने बताया कि एमसीडी मानसून आने से पहले अपने अधिकार क्षेत्र के सभी नालों की सफाई के लक्ष्य को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। निगम ने गाद निकालने का 70 प्रतिशत काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और 15 जून से पहले प्रथम चरण में गाद निकालने का काम पूरा करने की तैयारी कर ली है। अधिकांश नालों से गाद निकालने का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जा रहा है। इस काम में एजेंसियां गाद निकालने के लिए खुदाई करने वाली मशीनों व जेसीबी, पोकलेन, मैनुअल लेबर का इस्तेमाल करती हैं और परिवहन की गई गाद को एसएलएफ साइट्स पर भेजा जाता है।

मानसून के दौरान मुख्यालय स्तर के साथ सभी 12 क्षेत्रों में कंट्रोल रूम चालू रहते हैं। उपायुक्त सहित सभी क्षेत्रीय प्रमुखों को बारिश के दौरान सतर्क रहने और संसाधनों उपलब्ध कराने व कर्मचारियों की तैनाती के संबंध में तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।



### वार्ड स्तर पर जोनल टीमों का गठन...

वार्ड स्तर पर टीमें गठित की गई हैं, जिनमें जेई इंचार्ज, बेलदार और वार्ड के मेट शामिल हैं। जेई स्टोर पर शिफ्ट में पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध रहेगी, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। वहीं सभी जोनों द्वारा विस्तृत ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है और शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए मशीनरी के साथ आवश्यक स्टाफ तैनात किया गया है।

### स्थायी और अस्थायी पंपों की स्थिति...

मानसून के मौसम में सभी स्थायी पंपिंग स्टेशनों पर 24x7 स्टाफ उपलब्ध रहेगा। कुल स्थायी पंप 72 और अस्थायी पंप की संख्या 465 है। प्रत्येक निगम स्टोर पर टीमें बनाई गई है, जिनके पास अपने क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त पंप हैं। मानसून शुरू होने से पहले पंपों का रखरखाव और पंपिंग स्टेशनों पर संपवेल की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। निगम अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली नगर निगम मानसून के मौसम की शुरुआत से पहले नालों की सफाई का काम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने अधिकार क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

## निजी संस्थानों को दिव्यांगों को देना ही होगा आरक्षण का लाभ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि निजी शैक्षणिक संस्थानों को अपने यहां दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ देना ही होगा। हाईकोर्ट ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपीयू) द्वारा एक 22 वर्षीय दिव्यांग छात्र के प्रवेश को रद्द करने के मामले में छात्र के पक्ष में फैसला सुनाते हुए तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी निजी शैक्षणिक संस्थान दिव्यांगों को आरक्षण से वंचित नहीं कर सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि संस्थान को ऐसे उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ देना ही होगा। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी निजी संस्थान दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016 के दायरे में आते हैं। इस दौरान कोर्ट ने विश्वविद्यालय के इस तर्क को खारिज कर दिया कि दिव्यांगता अधिनियम सरकारी संस्थानों और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्थानों तक ही सीमित है। निजी संस्थानों पर ऐसा कोई आदेश लागू होता। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम- 2016 के तहत सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों में दिव्यांग छात्रों के लिए पांच फीसदी का आरक्षण निर्धारित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इसके तहत प्रत्येक निजी और सरकारी संस्थान को यह आरक्षण देना ही होगा

### विवि प्रशासन ने प्रमाण पत्र पर सवाल खड़ा किया था

विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय ने छात्र के दिव्यांगता प्रमाणपत्र पर सवाल खड़ा किया था। पीठ ने इस पर विश्वविद्यालय को कहा है कि वह अपीलीय प्राधिकरण की तरह काम नहीं कर सकता। छात्र का दिव्यांगता प्रमाणपत्र डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर हॉस्पिटल द्वारा जारी किया गया है। इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। छात्र का 12 साल सात महीने की उम्र में मानसिक परीक्षण मनोचिकित्सक से कराया गया था। मनोचिकित्सक ने छात्र को हल्की मानसिक मंदता का शिकार बताया था। इसके बाद छात्र का मानसिक मंदता का प्रमाणपत्र जारी किया गया था।न्यायमूर्ति सी हरीशंकर की पीठ ने आइपीयू को निर्देश दिया कि बौद्धिक मंदता से पीड़ित छात्र को दिव्यांगता आरक्षण के तहत दाखिला दिया जाए। छात्र ने बीए-एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन आइपीयू ने कई कारण बताते हुए छात्र को दाखिला देने से इनकार कर दिया था। आइपीयू ने इसमें छात्र की दिव्यांगता श्रेणी को लेकर सवाल उठाया गया था। पीड़ित ने अपने पिता के माध्यम से आइपीयू के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्र की दिव्यांगता को उचित ठहराने के लिए सरकारी अस्पताल द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अनदेखी करते हुए अतिरिक्त दस्तावेज की मांग को भी अनुचित और अवैध बताया।

मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 52.9 किया गया दर्ज, मौसम विभाग ने आज से लू का कहर कम होने की संभावना जताई

# दिल्ली में गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड मौसम विभाग को नहीं भरोसा, होगी जांच



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की तेज गर्मी ने बुधवार को लोगों का दम निकाल दिया। इस गर्मी के बीच बुधवार को दिल्ली की गर्मी ने फिर से रिकार्ड बना दिया। राष्ट्रीय राजधानी का औसत अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। यह 1945 के बाद यानी 79 सालों में सबसे ज्यादा है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर और मध्य भारत में जारी लू का कहर गुरुवार से धीरे-धीरे कम होने लगेगा। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी। उधर मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 52.9 डिग्री पहुंच गया। यह आज तक के इतिहास में दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। लेकिन मौसम विभाग ने इसे त्रुटिपूर्ण बताते हुए बयान जारी किया इसकी जांच की जा रही है।

बुधवार को दिन चढ़ने के साथ साथ तो सड़कों पर झुलसा देने वाली गर्मी महसूस होने लगी। लू के थपेड़ों ने तो हाल बेहाल कर दिया। हालांकि शाम के वक्त बादल छाए और कहीं कहीं हल्की वर्षा भी हुई लेकिन उससे गर्मी कम नहीं हुई।

दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का नहीं बल्कि 79 वर्षों का सर्वाधिक है। इससे पहले 17 जून 1945 को यह 46.7 डिग्री सेल्सियस रहा था। न्यूनतम तापमान बुधवार को सामान्य से तीन डिग्री अधिक 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 65 से 22 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग के क्षेत्रीय प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली के बाहरी इलाके राजस्थान से आने वाली गर्म हवाओं से सबसे पहले प्रभावित होते हैं, मुंगेशपुर, नरेला और नजफगढ़ जैसी जगहों पर भीषण गर्मी पड़ती है। मौसम विज्ञानी विज्ञानी चरण सिंह के अनुसार, खुले इलाके और बंजर जमीन विकिरण के चलते तापमान बढ़ाने में मदद करते हैं। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र का कहना है कि मजबूत पश्चिमी विक्षोभों के नहीं आने से उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है।मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में बृहस्पतिवार को भी कमोबेश ऐसी ही स्थितियां रहेंगी। आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। कुछ स्थानों पर लू की स्थिति रहेगी। इस दौरान हवा की रफ्तार 20 से 25 किमी प्रति घंटे रह सकती है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में शुक्रवार से मौसम बदलेगा। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। धूल भरी हवाओं के चलने की संभावना है। गरज चमक के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है।



फोटो: मिहिर सिंह

### बिजली की मांग ने तोड़ा अब तक का रिकॉर्ड, 8302 मेगावाट पर पहुंची डिमांड

भीषण गर्मी के चलते गुरुवार को दिल्ली में बिजली की डिमांड ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। 29 मई को दिल्ली में अधिकतम बिजली मांग 8302 मेगावाट तक पहुंच गई। यह पहली बार है जब दिल्ली में बिजली की मांग 8300 मेगावाट के पार पहुंची। दिल्ली के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के अनुसार शहर में अधिकतम बिजली की मांग दोपहर 3 बजकर 36 मिनट पर 8,302 मेगावाट थी। इससे पहले अधिकतम बिजली की मांग इस महीने की शुरुआत में दर्ज की गई थी, जब 22 मई को यह 8,000 मेगावाट तक पहुंच गई थी। बीएसईएस के प्रवक्ता ने बताया कि बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने-अपने क्षेत्रों में 3643 मेगावाट और 1947 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। वहीं टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के प्रवक्ता ने कहा कि टाटा पॉवर-डीडीएल ने अपने क्षेत्र में 2339 मेगावाट की बिजली की सार्वकालिक सर्वाधिक मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में अधिकतम डिमांड को पूरा करते रहेंगे।

# दिल्ली में मजदूरों को मिलेगी तीन घंटे की काम से छुट्टी

हीट वेव को देखते हुए एलजी ने दिया आदेश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में मंगलवार को गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजधानी में पहली बार दिल्ली का तापमान 50 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। इस स्थिति को देखते हुए बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) ने गर्मी से बचाव के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भयंकर गर्मी को देखते हुए लेबर एवं कंस्ट्रक्शन मजदूरों के लिए दोपहर 12 से तीन बजे तक सवेतन छुट्टी करने के आदेश दिए हैं। इसके अनुपालन में श्रम विभाग ने आदेश जारी कर दिये हैं। इसमें कहा गया है कि श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर पीने के पानी व नारियल पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये,कूलर-पंखों की व्यवस्था की जाये। कार्यस्थलों पर ज्यादा कर्मचारी कार्यरत न हों और वेंटिलेशन की व्यवस्था की जाये। आग बुझाने वाले यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में भी 'समर हीट एक्शन प्लान" के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल या उनके मंत्रियों द्वारा कोई बैठक नई बुलायी गई। उन्होंने इस स्थिति से निपटने के लिए अभी तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल या उनके मंत्रियों द्वारा अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं, उपराज्यपाल ने इसकी आलोचना की है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचाव के लिए एलजी द्वारा लिए गए फैसलों में कहा गया है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने श्रमिकों के लिए दोपहर में छुट्टी का प्रावधान 20 मई ही लागू कर दिया है। लेकिन दिल्ली सरकार के तहत आने वाली दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम अब तक ऐसा नहीं कर रहीं। अपने आदेश में उपराज्यपाल ने साफ किया है कि इस तीन घंटे की छुट्टी के दौरान श्रमिकों के वेतन में कटौती नहीं होगी।

### हीट वेव को लेकर बुलाएं सभी विभागों की बैठक

उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि तत्काल सभी कार्य विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाएं-पीडब्ल्यूडी को, डीजेबी, आई एंड एफसी, एमसीडी, एनडीएमसी, बिजली विभाग, डीयूएसआईबी को श्रमिकों और कर्मचारियों को अत्यधिक गर्मी से बचाने के निर्देश दिये जाए। साथ ही उन्होंने पीने के पानी के साथ मिट्टी के बर्तनों का भी निर्देश दिया है।

## बस इतनी सी राहत...



दिल्ली में बुधवार शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी से लोगों को सिर्फ न के बराबर ही राहत मिली। फोटो: अमित श्रीवास्तव

दिल्ली सरकार ने मार्च के महीने से ही शुरु कर दी थी हीट वेव से निपटने की तैयारी

# दिल्ली सरकार को बदनाम करने की भावना से एलजी दफ्तर ने लिखा पत्र : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हीट वेव को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा बैठक न किये जाने के मुद्दे पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी पर पलटवार किया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बेहद ही हास्यास्पद है कि अब जब आधी गर्मियां बीत चुकी है तो 29 मई 2024 को दिल्ली के एलजी के प्रमुख सचिवद्वारा दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को खत लिखकर यह पूछा गया है कि हीट वेव के चलते कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह खत सुझाव के तौर पर लिखा गया होता तो हम उनके सुझावों का स्वागत करते लेकिन इस खत को पढ़कर मुझे ऐसा प्रतीत हुआ की यह चुनी हुई सरकार को नीचा दिखाने व दिल्ली के चुने हुए मंत्रियों को बदनाम करने की कोशिश है। हीट वेव से निपटने की दिल्ली सरकार की तैयारियों को लेकर उन्होंने बताया कि तीन दर्जन अलग-अलग विभागों को पहले ही दिल्ली सरकार की ओर से एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। यह एडवाइजरी आज नहीं बल्कि मार्च, अप्रैल और मई से लगातार सभी अलग-अलग विभागों को दी जा रही है। यह एडवाइजरी सभी 11 जिलों के चीफ मेडिकल ऑफिसर को भी दी जा चुकी है। इन एडवाइजरी में सभी अधिकारियों को साफ तौर पर हीट वेव से बचने के लिए और हीट वेव से पीड़ित मरीजों के लिए इंतजाम के बारे में बताया गया है। जिसमें कहा गया है कि अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस व सभी जरूरी दवाइयां होनी चाहिए, वातानुकूलित पर्यावरण के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए।



सौरभ भारद्वाज ने बताया कि न केवल अस्पतालों को बल्कि स्कूलों को भी यह निर्देश जारी किए गए हैं, कि दोपहर की शिफ्ट में बच्चों को प्रार्थना स्थल पर एकत्रित ना किया जाए। स्कूल में पीने के पानी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाए। बच्चों को पानी पीने के लिए ब्रेक दिया जाए और स्कूल में पर्यावरण को वातानुकूलित बनाने के पर्याप्त साधनों के इंतजाम किए जाएं। उन्होंने बताया कि अस्पताल की भांति ही सभी स्कूलों को चाहे वह दिल्ली सरकार के स्कूल हो, नगर निगम के स्कूल हो, केंद्र सरकार के स्कूल हो या प्राइवेट स्कूल हो सभी को यह एडवाइजरी जारी की गई है। मंत्री ने बताया कि पहली एडवाइजरी हमने आठ मार्च को भेजी थी उसके बाद अब तक कई बार समय-समय पर सभी विभागों को एडवाइजरी भेजी जा चुकी हैं। भारद्वाज ने कहा कि न केवल अस्पतालों व स्कूलों को बल्कि दिल्ली पुलिस को भी स्वास्थ्य विभाग ने 18 अप्रैल को यह एडवाइजरी भेजी थी।

# रोजाना टूट रहा गर्मी का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में भीषण गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हर दिन हीट वेव दर्ज की जा रही है और मौसम का अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक पहुंच रहा है। दिल्ली में मौसम विभाग के सफदरजंग केन्द्र पर जहां 46.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 6 डिग्री अधिक रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा है।

*दिल्ली के अन्य केन्द्रों पर इस प्रकार रहा अधिकतम तापमान (तापमान डिग्री सेल्सियस में)*

| | |
|---|---|
| मुंगेशपुर | 52.9 |
| नजफगढ़ | 49.1 |
| पूसा | 49 |
| पीतमपुरा | 48.9 |
| नरेला | 48.4 |
| रिज | 47.3 |
| पालम | 47 |
| आया नगर | 46.8 |
| लोधी रोड | 46.2 |
| राजघाट | 45.2 |

दिल्ली सफदरजंग केन्द्र पर 29 मई, 1944 को ऑल टाइम रिकॉर्ड 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज है। आया नगर, रिज और पालम केन्द्र पर सिविअर हीट वेव, जबकि पालम, लोधी रोड और सफदरजंग केन्द्र पर हीट वेव दर्ज की गई।

# राजस्थान की गर्म हवाओं ने बढ़ाया दिल्ली का तापमान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में भीषण गर्मी की वजह राजस्थान से आने वाली गर्म हवाएं हैं। ये हवाएं विशेष रूप से दिल्ली के बाहरी इलाकों को प्रभावित कर रही है। दिल्ली में बढ़ती गर्मी की एक दूसरी वजह छाया वाले स्थानों की कमी भी है। स्काईमेट वेदर में मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने बुधवार को यह जानकारी दी। महेश पलावत ने बताया, दिल्ली में खाली जमीन वाले खुले क्षेत्रों में विकिरण में वृद्धि दर्ज की गई है। इससे सीधी धूप और छाया की कमी के कारण असाधारण रूप से तापमान उच्च हो जाता है। इस बीच जब पश्चिम से हवाएं चलती हैं, तो ये खुले क्षेत्र सबसे पहले प्रभावित होते हैं, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। वहीं, मौसम विभाग वरिष्ठ अधिकारी कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, दिल्ली के बाहरी इलाके राजस्थान से आने वाली गर्म हवाओं से प्रभावित होने वाले



शुरुआती क्षेत्र हैं, जहां मुंगेशपुर, नरेला और नजफगढ़ जैसी जगहों पर तीव्र गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के चरण सिंह के अनुसार, खुले क्षेत्र और बंजर भूमि बढ़ते विकिरण के कारण उच्च तापमान में योगदान करते हैं। वहीं, मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, मई में पश्चिमी विक्षोभ की अनुपस्थिति उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में लू की स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। पश्चिमी विक्षोभ, भूमध्य सागर के ऊपर बनने वाली अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय मौसम प्रणालियां आमतौर पर पश्चिम से पूर्व की ओर चलती हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में 30 मई को भी कमोबेश ऐसी ही स्थितियां रहेंगी। दिल्ली में 30 मई को आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हालांकि कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति रहेगी। इस दौरान हवा की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है।

### अगले दो दिन तेज हवाएं चल सकती हैं...

मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में 31 मई से मौसम बदलेगा। दिल्ली में 31 मई को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दिल्ली में धूल भरी तूफानी हवाओं के चलने की संभावना है। दिल्ली में गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। दिल्ली में 31 मई को हवा की स्पीड 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। पहली जून को भी आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी के साथ धूल भरी तेज हवाएं चल सकती हैं। हवा की स्पीड 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है।

# उपभोक्ता फोरम ने स्थगित की सुनवाई, गर्मी में काम कैसे हो!

**नई दिल्ली,** (पंजाबकेसरी): दिल्ली की एक कन्ज्यूमर कोर्ट ने भीषण गर्मी के चलते मामले की सुनवाई नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया। कोर्ट रूम में एयर कंडीशनर या फिर कूलर की कमी के कारण गर्मियों के दौरान मामले की सुनवाई में कठिनाई का हवाला देते हुए एक मामले को नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मामले को स्थगित करते समय, अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता और सदस्य हर्षाली कौर और रमेश चंद यादव ने कहा कि कोर्ट रूम में न तो एयर कंडीशनर है और न ही कूलर। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। कोर्ट रूम में बहुत अधिक गर्मी है, जिससे पसीना आ रहा है, जिससे दलीलें सुनना मुश्किल हो रहा है। उपभोक्ता फोरम ने आगे कहा,



इसके अलावा, वॉशरूम का उपयोग करने के लिए भी पानी नहीं है। फोरम ने मामले को 21 नवंबर तक के लिए स्थगित करते हुए कहा, इन शर्तों के तहत, वह पक्षों की दलीलें नहीं सुन सकता। इसने वर्तमान आदेश की एक प्रति सूचना के लिए सचिव-सह-आयुक्त को भेजने का भी निर्देश दिया। बता दें कि अदालतों, विशेषकर निचली अदालतों और न्यायाधिकरणों में बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

# डीयू में 35 हजार पंजीकरण पार सिंगल गर्ल कोटे में भी 743 आवेदन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। डीयू के कुल 71 हजार सीटों के लिए अभ्यार्थियों ने बीते 24 घंटों में 35 हजार से पार पंजीकरण करवा चुके हैं। इस बार डीयू की तरफ से यह घोषणा की गई है कि सिंगल गर्ल चाइल्ड को आरक्षण भी दिया जाएगा। इस कोटे में पंजीकरण के पहले ही दिन 743 आवेदन किए गए हैं। वहीं अनाथ उम्मीदवारों के 29 पंजीकरण कर दिए गए हैं। इस बारे में डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि क्योंकि यह पंजीकरण का पहला ही दिन था बावजूद इसके 35 हजार से ज्यादा पंजीकरण किए जा चुके हैं। आने वाले समय में धीरे-धीरे इसकी संख्या और बढ़ने वाली है। आंकड़ों की बात करे तो यह संख्या कुल सीटों के दो तिहाई आवेदन एक ही दिन में हो गए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय एक-एक सीटों पर उम्मीदवारों की दावेदारी और अधिक बढ़ने वाली है।

डीयू दाखिला डीन प्रोफेसर हनीत गांधी के अनुसार मंगलवार दोपहर से शुरू हुई स्नातक पाठ्यक्रमों की पंजीकरण प्रक्रिया के तहत बुधवार दोपहर तक 35,749 पंजीकरण हो गए। डीयू में कुल 71 हजार सीट हैं, इसमें सुपन्यूमैरेरी कोटे की सीटों को जोड़ा जाए तो यह सीटों की संख्या 85 हजार हो जाती है। इस तरह से 85 हजार सीटों पर अब तक दो तिहाई से कम आवेदन एक दिन में ही हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सिंगल गर्ल कोटे के लिए 1500 सीट हैं। इस तरह से सीटों के मुकाबले में पंजीकरण के पहले दिन आधे पंजीकरण हो चुके हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 में पंजीकरण के पहले ही दिन 53 हजार से अधिक आवेदन किए गए थे। तब उम्मीदवार जल्द से जल्द पंजीकरण करना चाहते थे क्योंकि पहले ही प्रक्रिया देरी से शुरू हुई थी।

# पिटबुल नस्ल के डॉग ने बच्ची पर किया हमला

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में पिटबुल डॉग पर प्रतिबंध के बावजूद लोग इस खूंखार नस्ल के डॉग को पालने से बाज नहीं आ रहे हैं। दिल्ली में पिटबुल के हमले का ताजा मामला गोकलपुरी के गंगा विहार इलाके में सामने आया है। यहां डॉग ने 11 वर्षीय एक मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची सुबह नाश्ते के लिए पास ही एक दुकान से दूध लेकर लौट रही थी। तभी डॉग ने बच्ची के ऊपर हमला कर दिया। डॉग ने बच्ची की दोनों जांघ व सिर पर बुरी तरह से काटा है। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर लोगों तुरंत उसे बचाने के लिए दौड़े। उन्होंने किसी तरह डॉग से बच्ची को बचाया। पुलिस के मुताबिक डॉग के हमले में घायल 11 वर्षीय तेजस्विनी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची के पिता संजय कुमार की शिकायत पर श्रद्धा पाठक नाम की महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक संजय कुमार अपने परिवार के साथ गंगा विहार में रहते हैं। परिवार में पत्नी व बेटी है। वह डीटीसी में परिचालक हैं। सोमवार सुबह वह ड्यूटी के लिए घर से निकले। नाश्ते के लिए दुकान से सामान दिलवाने के लिए वह अपनी बेटी को साथ ले गए। बेटी को दूध व अन्य सामान दिलाकर घर भेज दिया और खुद ड्यूटी पर चले गए।

# अलीपुर: आंधी में गिरा पेड़, स्कूटी सवार दो की मौत

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आउटर-नॉर्थ दिल्ली के अलीपुर इलाके में बुधवार शाम तेज आंधी के दौरान सड़क पर पेड़ गिरने से स्कूटी सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान पुष्पेंद्र सिंह (23) और विजय (24) के तौर पर की है। हादसे के वक्त दोनों अलग-अलग स्कूटी पर सवार थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी भेज दिए हैं। फिलहाल अलीपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ गली नंबर-4, श्री राम चौक, केशव नगर में रहता था। इसके परिवार में पिता वासुदेव सिंह व अन्य सदस्य हैं। पुष्पेंद्र अपना कारोबार करता था। वहीं विजय परिवार के साथ लाल बाग, आजादपुर में रहता था। इसके परिवार में पिता



राजेंद्र प्रसाद व अन्य सदस्य हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों युवक अलग-अलग स्कूटी पर सवार थे। वे पुश्ता रोड होते हुए हिरंकी चर्च के पास पहुंचे। उस वक्त तेज आंधी चल रही थी। जिसके कारण एक पेड़ उखड़ कर सड़क पर आ गिरा। स्कूटी सवार पुष्पेंद्र और विजय दोनों पेड़ की चपेट में आ गए। सूत्रों की मानें तो पेड़ सीधे पुष्पेंद्र के ऊपर आकर गिरा था। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय दूर से पेड़ की चपेट में आया। मगर इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। - मौके पर पहुंची दो थानों की पुलिस -सूत्रों की मानें तो हादसे की सूचना मिलते ही बुराड़ी और अलीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामला अलीपुर थाने का निकला तो बुराड़ी पुलिस वापस लौट गई। क्राइम सीन की फोटोग्राफी व साक्ष्य जुटाने के बाद रास्ते को क्लीयर कर दिया गया। शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिए हैं। पुलिस की मानें तो गुरुवार को दोनों युवकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं इस हादसे के बाद पुष्पेंद्र और विजय के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# शिशुओं की मंडी

**चुनावों** के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में रोज किसी न किसी मुद्दे पर तकरार छिड़ी हुई है लेकिन इस बहस में देश की आम आबादी के असल मुद्दे गायब रहते हैं। समाज से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर कोई चर्चा नहीं करता। बाल तस्करी सिर्फ चिंताजनक ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय शर्म का भी विषय है। वैसे तो नवजात शिशुओं से लेकर किशारों तक की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोहों का भंडाफोड़ किए जाने की खबरें आती रहती हैं लेकिन इस पर चिंतन कोई नहीं करता कि देश की राजधानी दिल्ली और अन्य शहर नवजात शिशुओं की मंडी कैसे बन रहे हैं। इसी वर्ष अप्रैल के महीने में भी दिल्ली में नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का भंडफोड़ हुआ था। तब यह खुलासा हुआ था कि दिल्ली के अस्पतालों से बच्चों की चोरी की जाती थी और फिर उन्हें बेच दिया जाता था। तस्करों और डाक्टरों का एक जटिल जाल फैला हुआ है। जो बेशुमार धन कमाने के लिए इंसानियत को शर्मसार कर रहा है। ऐसा ही एक और गिरोह हैदराबाद में पकड़ा गया है जो दिल्ली और पुणे से बच्चे लेकर निसंतान दंपतियों को बेच रहा था। हैदराबाद पुलिस ने 8 महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है और जिन 11 बच्चों को बचाया गया है उनमें 9 बच्चियां और 2 लड़के शामिल हैं। इनकी उम्र एक महीने से लेकर ढाई महीने के बीच है।

शुरूआती जांच से पता चला है कि दिल्ली की दो महिलाओं और पुणे के एक व्यक्ति से आरोपियों ने लगभग 50 बच्चे लिए और उन्हें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में जरूरतमंद लोगों को प्रति बच्चा 2 लाख रुपए से लेकर साढ़े पांच लाख रुपए में बचा गया। बेचे गए बच्चे चोरी किए या गरीब परिवारों से खरीदे गए। इसका पता तो बाद में ही लगेगा। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में जहां कानूनी बच्चा गोद लेने में वर्षों लग जाते हैं वहां लोग शिशु विक्रेताओं को हजारों डॉलर दे रहे हैं। एक बच्चे की कीमत लगभग 400 डॉलर से 7500 डॉलर तक हो सकती है जिसका मूल्य उसकी जाति, त्वचा के रंग, लिंग और वजन के आधार पर निर्धारित होता है लेकिन भारत में गोद लेने की प्रक्रिया इतनी कठिन नहीं है। अगर निसंतान दंपतियों को बच्चा गोद लेना ही है तो इसके लिए आसानी से कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। बच्चों की बिक्री केवल निसंतान दंपतियों के लिए ही की जाती है। इसे स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। पिछले वर्ष आईएफ रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है जबकि कोरोना महामारी के बाद यूपी सहित कई राज्यों में बाल तस्करी में 6 गुणा तक बढ़ौतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल तस्करी की सर्वाधिक घटनाओं के लिहाज से उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश शीर्ष 3 राज्यों में शामिल हैं। जिलेवार देखें तो बाल तस्करी में सबसे ऊपर जयपुर शहर है। सूची के अन्य शीर्ष चार स्थानों पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इलाके शामिल हैं। जी हां, शीर्ष 10 जिलों में से 5 जिले दिल्ली के थे, जहां से तस्करी के शिकार बच्चों को बचाया गया। 2016 से 2022 के बीच 21 राज्यों के 262 जिलों में किए गए इस अध्ययन के दौरान 18 साल से कम उम्र के 13549 बच्चों को बचाया गया। बचाए गए 80 फीसदी बच्चे 13 से 18 साल के हैं, जबकि 13 फीसदी 9 से 12 साल के और दो फीसदी 9 साल से भी कम उम्र के हैं।

> बाल तस्करी भीख मांगने वाले गिरोहों के लिए भी की जाती है। जबरन श्रम, देह व्यापार, जबरन शादी के लिए भी बाल तस्करी की जाती है। आज जब देश के विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात की जा रही है। विकास के लम्बे- चौड़े वादे किए जा रहे हैं तो सवाल यह उठता है कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में इस तरह की घटनाओं का सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। मानवता तो शर्मसार हो ही रही है लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है इसके कारणों की तलाश कभी नहीं की जाती। आखिर इसकी जवाबदेही किस पर है।

रिपोर्ट के मुताबिक पिछड़े राज्यों से बच्चों की तस्करी कर उन्हें ऐसे शहरों या राज्यों में बेच दिया जाता है जिससे उनका इस्तेमाल छोटे-मोटे उद्योगों या घरेलू काम के लिए किया जा सके। कई बार तस्कर बच्चों को ऐसे गैंग को भी बेच देते हैं जो भीख मांगने वाले रैकेट चलाते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2019 में देश में मानव तस्करी (बच्चों और वयस्कों समेत) के जितने भी मामले थे उनमें से सबसे ज्यादा मामले जबरन श्रम, देह व्यापार, घरों में जबरन काम और जबरन शादी के थे।

रिपोर्ट में इस आशंका की भी पुष्टि की गई है कि कोरोना महामारी के बाद देश के हर राज्य में बाल तस्करी हो रही है। तस्करी काफी बढ़ गई है। सबसे खराब स्थिति उत्तर प्रदेश में है। जी हां, महामारी से पहले, 2016 से 2019 के बीच सालाना औसतन 267 बच्चों की तस्करी की जाती थी जो महामारी के बाद 2021-22 में बढ़कर 1,214 हो गई। महामारी के बाद से कर्नाटक में बाल तस्करी के मामले सीधे तौर पर 18 गुना बढ़ गए हैं। महामारी से पहले के छह मामलों की तुलना में महामारी के बाद तस्करी के 110 मामले सामने आए हैं।

बाल तस्करी भीख मांगने वाले गिरोहों के लिए भी की जाती है। जबरन श्रम, देह व्यापार, जबरन शादी के लिए भी बाल तस्करी की जाती है। आज जब देश के विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात की जा रही है। विकास के लम्बे- चौड़े वादे किए जा रहे हैं तो सवाल यह उठता है कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में इस तरह की घटनाओं का सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। मानवता तो शर्मसार हो ही रही है लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है इसके कारणों की तलाश कभी नहीं की जाती। आखिर इसकी जवाबदेही किस पर है। देश शिशुओं की मंडी न बने इसके लिए सामाजिक क्षेत्रों में जागरूकता तो फैलानी होगी बल्कि कानूनी स्तर पर भी कठोर उपाय अपनाने होंगे।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## वोट बैंक बताते हैं...



"जो अब भी उलझे हैं भाई भतीजावाद की पहचान में ,
चुनावी रण में मुद्दों से हटकर किसी व्यक्ति विशेष के गुणगान में,,
याद रखना ऐसे संकीर्ण मानसिकता वाले लोग ही नफरत का जहर फैलाते हैं,
और फिर दंगों से भड़की आग पर अपना राजनीतिक वोट बैंक बनाते हैं,,
इसलिए सरकारें बदलती है पर जनसामान्य के जीवन में बदलाव नजर नहीं आते हैं,
और पीएचडी करे हुए युवा भी चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में नजर आते हैं...।"

**गीता पाढा**

## चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ा

**बीजिंग,** (एजेंसी): अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने बुधवार को चीन की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, वैश्विक संस्था ने आगाह किया है कि वृद्धावस्था और उत्पादकता वृद्धि में कमी के कारण 2029 तक यह घटकर 3.3 प्रतिशत रह जाएगी। आईएमएफ ने सुझाव दिया है कि आर्थिक सुधारों को जारी रखने के लिए उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आईएमएफ द्वारा पांच प्रतिशत की वृद्धि दर का संशोधन चीन सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था संपत्ति क्षेत्र के संकट और अत्यधिक औद्योगिक क्षमता के कारण मंदी से जूझ रही है। आईएमएफ की प्रथम उप-प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने चीन की आर्थिक नीतियों की वार्षिक समीक्षा के बाद यहां मीडिया को बताया, "चीन की आर्थिक वृद्धि 2024 में पांच प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है और 2025 में यह धीमी होकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी।'



मर्यादाएं
चन्द्रमोहन
संपादक : वीर प्रताप
chander_m@ hotmail.com
BLOG: chandermohan.net

# पंजाब की सुध कौन लेगा ?

**पंजाब** में लोकसभा चुनाव इस सप्ताह सम्पन्न हो जाएंगे। कोई जीत जाएगा तो कोई हार जाएगा पर पंजाब वहां का वहां ही रहेगा, एक वह प्रांत जो कभी देश का सबसे प्रसिद्ध प्रांत था पर कई कारणों से पिछड़ता गया। यह भी उल्लेखनीय है कि चुनाव में किसी भी पार्टी ने पंजाब को बर्बादी से बचाने या उसकी प्रगति का कोई बलूप्रिंट लोगों के सामने पेश नहीं किया। सब एक-दूसरे की ग़लतियां निकाल और गालियां देकर काम चलाना चाहते हैं। पंजाब तो हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से भी पिछड़ गया। एक समय हम नम्बर 1 ज़रूर थे पर अब हमारी अर्थव्यवस्था 16वें नम्बर पर है। प्रति व्यक्ति आय में हम 19वें स्थान पर हैं। और अभी कोई आशा नज़र नहीं आती कि हमारा टर्न-अबाउट होगा। पंजाब पर क़र्ज़ा 3.20 लाख करोड़ रुपए हो गया है। 2024-25 के अंत तक इसके बढ़ कर 3.74 लाख करोड़ रुपए पहुंचने की सम्भावना है। पर पंजाब का कल्याण करना केवल पंजाब सरकार की ही ज़िम्मेवारी नहीं है चाहे बड़ी ज़िम्मेवारी इनकी बनती है,पर मेरा मानना है कि हम पंजाबी भी भावना में बार-बार बहकर अपना बहुत नुक़सान कर चुके हैं, और कर रहें हैं।

हमारे पास पड़ोसी हिमाचल प्रदेश की मिसाल है जो कभी पंजाब का बड़ा हिस्सा रहा है। अपनी जटिल भूगौलिक स्थिति के बावजूद हिमाचल प्रदेश ने आश्चर्यजनक तरक्की की है। बड़ा कारण है कि लोग झगड़ालू नहीं हैं, शांतिमय है और सारी राजनीति विकासोन्मुख है,चाहे इस बार व्यापक दलबदल की तोहमत लगवा ली है। स्कूल की मांग, स्कूल को अपग्रेड करना, कालेज की मांग, सड़क बनवाना, पुल या डिस्पेंसरी बनवाना या अस्पताल खुलवाना, सारा संवाद और राजनीति इनके इर्द-गिर्द घूमती है। मांगों को लेकर कभी कोई उग्र आंदोलन नहीं हुआ। कभी किसी ने रास्ता नहीं रोका न रेल पटरी पर धरना ही दिया है। न गैंगस्टर ही पैदा किए। न उनके गायक गन संस्कृति को ही बढ़ावा देते हैं या वोडका का गुणगान ही करते हैं। हिमाचल प्रदेश शायद एकमात्र प्रदेश है जिसने कभी देश के लिए कोई समस्या खड़ी नहीं की। परिणाम है कि यह सबसे अग्रणी प्रदेशों में गिना जाता है। अगर पंजाब की तरफ़ नज़र दौड़ाऐं तो यहां नित नया बखेड़ा खड़ा हो रहा है। हम सबसे बेचैन प्रदेश बन चुके हैं लेकिन दूसरों को ज़िम्मेवार ठहराने की जगह क्या हम अन्दर झांकने के लिए तैयार भी हैं? क्या हम खुद तो अपने पांव पर बार-बार कुल्हाड़ी नहीं चला रहे? यह मैं बार-बार उठ रहे किसान आन्दोलन के संदर्भ में कह रहा हूं जिनकी मांगों का सम्बंध दिल्ली से है पर हर बार वह लम्बे समय के लिए अपने लोगों को ही सजा देकर बैठ जाते हैं।

किसानों ने पंजाब के प्रवेश द्वार शम्भू की रेल पटरी पर एक महीने से लगा धरना हटा लिया है। किसान मोर्चे के दौरान हरियाणा सरकार द्वारा गिरफ्तार 3 किसानों की रिहाई को लेकर 17 अप्रैल को धरना शुरू किया था जिस कारण अम्बाला-अमृतसर मुख्य रेल लाईन पर यातायात ठप्प हो गया था। सीधा रूट बंद होने के कारण लोगों को बहुत तकलीफ़ उठाना पड़ी। अनुमान है कि पंजाब को रोज़ाना 800-900 करोड़ रुपए का नुक़सान हो रहा था। इससे न केवल व्यापार को धक्का लगा बल्कि निवेश के लिए नकारात्मक माहौल भी बना। आख़िर कौन उस प्रदेश में निवेश करेगा जहां यह ही मालूम नहीं कि कब सड़क रुक जाएगी या कब पटरी पर धरना लग जाएगा? रेलें रुक जाने के कारण कई व्यापारियों ने पंजाब आना ही बंद कर दिया था। अनिश्चितता का माहौल व्यापार धंधे को ख़त्म कर देता है। पंजाब कच्चे माल के लिए दूसरे प्रदेशों पर निर्भर है। यहां बना 80 प्रतिशत माल दूसरे प्रदेशों में बिकता है या निर्यात होता है। रेल यातायात में विघ्न के कारण न माल ठीक से अंदर ही आ सका न ही ठीक से बाहर ही जा सका। ट्रांसपोर्ट का खर्चा अलग बहुत बढ़ गया। निर्यातक अपने आर्डर नहीं पूरे कर सके। अनुमान है कि निर्यात 40 प्रतिशत कम हो गया। पंजाब में बिजली उत्पादन के लिए कोयला और फसलों के लिए खाद बाहर से आती है, यह सब बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।




और यह सब इसलिए हुआ कि हरियाणा की पुलिस तीन किसानों के गिरफ्तार कर ले गई थी जिस कारण पंजाब के किसानों वे अपने पंजाब को ही ठप्प कर दिया। यह कहां की बुद्धिमत्ता है कि पंजाब के किसानों ने पंजाब के लोगों को ही सजा दे दी गई? क्या किसान नेतृत्व ने सोचना ही बंद कर दिया ? दिल्ली के बाहर 2020-2021 में लगभग एक साल धरना देकर कि इन संगठनों ने अपनी ताक़त का प्रदर्शन दिखा ही दिया था। तब सरकार को आख़िर झुकना पड़ा और तीन क़ानून वापिस लेने पड़े पर पंजाब के व्यापार और उद्योग का भारी नुक्सान हुआ। जो उद्योग पंजाब में लगे हैं वह भी विस्तार प्रदेश से बाहर कर रहे हैं। पंजाब देश के कोने में स्थित है, बंदरगाहें हमारे से बहुत दूर हैं। हमें तो ऐसा वातावरण बनाना चाहिए कि बाहर का व्यक्ति महसूस करें कि निवेश के लिए यह उपयुक्त स्थान है पर किसान संगठनों की ज़िद्द और नासमझी के कारण उल्टा प्रभाव बाहर जा रहा है। किसान संगठन खुद को क़ानून से उपर समझने लगे हैं क्योंकि सरकारें उनसे डरती हैं। किसानों की शिकायतें हैं। एमएसपी बड़ा मुद्दा है। किसान को अपनी फसल का उपयुक्त मूल्य नहीं मिल रहा। किसानों पर भारी क़र्ज़े का मामला है। जिस तरह दिल्ली जाने से उन्हें रोका जाता है वह भी जायज़ नहीं। दिल्ली सबकी है। पर उन्हें किसने यह अधिकार दिया है कि अपनी मांगों को लेकर सारे पंजाब को ही बंद कर दें?

आम पंजाबी, जिनमें किसान और उनके रिश्तेदार भी शामिल हैं, ने तो आपका कोई नुक़सान नहीं किया रेल और सड़क यातायात ठप्प करने की जगह प्रोटेस्ट के वैकल्पिक ढंग ढूंढे जाने चाहिए। गेहूं की नाड़ को आग लगाई जा रही है उससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। किसान अपनी, अपने परिवार की, गांव की और बाक़ी लोगों की सेहत का भी नुक्सान कर रहे हैं। कई जगह पेड़ सड़ गए हैं, पक्षी झुलस गए, गुजर रहे वाहनों को आग लग चुकी है और चार मौतें हो चुकी हैं। सरकार ज़िला अधिकारियों को आदेश देती है पर किसान परवाह नहीं करते। पंजाब में चुनाव के दौरान कई जगह किसानों ने भाजपा के उम्मीदवारों को प्रचार नहीं करने दिया। प्रधानमंत्री की सभाओं में लोगों के जाने से रोकने का प्रयास किया गया। यह भी जायज़ नहीं है। आप विरोध कर सकते हो, प्रदर्शन कर सकते हो, पर शारीरिक तौर पर किसी को रोकना तो ग़ैर-लोकतांत्रिक है।

नया बखेड़ा कांग्रेस के नेता सुखपाल सिंह खैरा ने शुरू कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश की तरह पंजाब में भी प्रवासियों को ज़मीन ख़रीदने और वोट डालने का अधिकार नहीं होना चाहिए। यह एक अत्यंत प्रतिगामी सुझाव है जो नई समस्या खड़ी कर सकता है। पंजाबी और विशेष तौर पर सिख, सारे देश में फैले हुए हैं। वहां सारे अधिकार सबको प्राप्त हैं। दूसरे प्रदेशों में कई पंजाबी विधायक चुने जा चुके हैं पर सुखपाल सिंह खैरा जैसे नेता यहां दूसरों को यह अधिकार नहीं देना चाहते। प्रवासी वर्कर पर पंजाब खेती और उद्योग दोनों के लिए निर्भर है। उनके बिना पंजाब का पहिया रूक जाएगा। पंजाब की यह भी बड़ी समस्या है कि हमारे पास सही नेता नहीं है जो दूर की सोच सकें। एक लेख में पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने पंजाब का वर्णन तीन शब्दों में किया है,Decline, Despair, Disarray अर्थात् यहां पतन, हताशा, अव्यवस्था है। इसके साथ मैं Disgust भी जोड़ना चाहता हूं उन नेताओं के प्रति जो बार बार पार्टियां छोड़ते हैं। मनप्रीत सिंह बादल को कभी पंजाब की बड़ी आशा समझा जाता था पर वह भी अकाली दल से निकल कर पीपीपी और कांग्रेस से गुजर कर आजकल भाजपा में है। किस पर भरोसा करें हम?



डॉ. संजय द्विवेदी
पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान

# दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

**हिंदी** पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं. जुगुलकिशोर शुक्ल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया- 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है? कुछ दिनों पहले देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है।

माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है।मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं।अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहीं अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं।अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और, जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है। अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है तो उसकी शहादत, उस समाज से भी बदले में कुछ चाहती है, जिसके लिए वह शहादत दी गई। बजाय इसके, हम उसके चरित्र पर सवाल उठाते हैं या उस पर हमले को जायज साबित करने की कोशिश करते हैं।

**आज पत्रकारिता दिवस पर विशेष...**



कहने का आशय यह है कि अगर मीडिया और समाज के बीच विश्वास मिट रहा है, तो इसके लिए अकेले मीडिया को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आखिर मीडिया भी तो हमारे समाज का ही एक हिस्सा है, जैसा समाज हमने बीते कुछ दशकों में बनाया है, उसका असर मीडिया पर न पड़े, यह कैसे मुमकिन है।इसलिए अगर मीडिया के प्रति लोगों में, समाज में, विश्वास की पुनर्बहाली करनी है, तो दोनों स्तर पर प्रयास करना आवश्यक है क्योंकि ताली एक हाथ से नहीं बजती।

# बिहार में बच्चे बेहोश होने के बाद स्कूल, कोचिंग संस्थान व आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने का आदेश

पटना/शेखपुरा/बेगूसराय, (पंजाब केसरी): बिहार के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी के कारण कई विद्यार्थियों के बुधवार को बेहोश होने के बीच सरकार ने सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनवाड़ी केंद्रों को आठ जून तक बंद करने का आदेश दिया। बिहार के शेखपुरा और बेगुसराय जिलों में भीषण गर्मी के कारण सरकारी स्कूलों के कई विद्यार्थी बुधवार को बेहोश हो गए । बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भीषण गर्मी और भयंकर लू की चपेट से राज्य में आपदा की स्थिति बन रही है।



विज्ञप्ति के मुताबिक, इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को निर्देश दिया है कि आवश्यकतानुसार वर्तमान स्थिति को देखते हुये स्कूलों को बंद करने के संबंध में समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को यह भी निर्देश दिया है कि वे आपदा प्रबंधन समूह की बैठक आयोजित कर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बिहार में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान मंगलवार को औरंगाबाद जिले में दर्ज किया गया जो 47.7 डिग्री सेल्सियस था। बिहार भीषण गर्मी की चपेट में है और राज्य के कई स्थानों पर बुधवार को दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। शेखपुरा जिले के मनकौल मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "बुधवार को अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जब प्रार्थना सभा चल रही थी, तब लगभग 6-7 छात्र बेहोश हो गए।

हमने प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की कोशिश की। छात्रों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।" कक्षा में छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की घटनाएं बेगूसराय और मोतिहारी से भी सामने आईं हैं । इस बीच बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव तथा सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि विगत कुछ दिनों से अप्रत्याशित भीषण गर्मी के साथ लू के प्रकोप में बिहार राज्य के अधिकांश जिले हैं तथा गया, औरंगाबाद, कैमूर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है और यही स्थिति कमोबेश अन्य सभी जिलों की भी है। पत्र में कहा गया है कि आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रतिनिधि के द्वारा यह अनुमान बताया गया है कि ऐसी स्थिति आठ जून तक बने रहने की संभावना है।

# मिजोरमः भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 29, सात लापता

**आइजोल,** (पंजाब केसरी): मिजोरम के आइजोल जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के बाद वहां से चार और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 29 हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सात लोग अभी भी लापता हैं और बचाव दल का अनुमान है कि वे लोग मंगलवार को चक्रवात रेमल के बाद भूस्खलन और लगातार बारिश के बाद विभिन्न स्थानों पर मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं। 28 मई की रात तक कुल 25 शव बरामद किए गए। इनमें से 14 शव खदान धंसने वाली जगह से बरामद हुए। आइजोल के पुलिस अधीक्षक राहुल अलवाल ने बताया कि मंगलवार देर रात से चार और शव बरामद होने के बाद मेथुम में खदान धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है और हिलीमेन में यह संख्या बढ़कर पांच हो गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आइजोल के सलेम वेंग इलाके में तीन शव बरामद हुए। इनमें फल्कॉन और ऐबॉक गांवों में दो-दो और लुंगसेई और केलसिह गांव में एक-एक शव मिला।

अलवाल के अनुसार 29 पीड़ितों में से 23 मिजोरम निवासी, पांच लोग झारखंड के और एक असम के सिलचर शहर का है। मृतकों में एक चार साल का एक लड़का और एक छह साल की लड़की शामिल है। आइजोल की उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि तलाशी और बचाव अभियान अभी भी जारी है और सभी लापता लोगों के मिलने तक जारी रहेगा।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# वोटिंग की सेल्फी के साथ पंजाब केसरी के पाठक



बाल किशन सोनकरिया | महावीर | आशा शर्मा अपने परिवार संग | सतीश अग्रवाल | बी एन एवं प्रेम चांदना | मनीष कुमार

पंकज | दिल्ली लाफ्टर क्लब के सदस्यगण | रमेश कुमार कटरामल | हरबंस लाल कुकरेजा अपने परिवार के संग | शशि भूषण | मांगे राम अत्री अपने परिवार के साथ

एस. एस. राणा अपने सुपुत्र के साथ | अजय तिवार | अल्का भट्ट | आनंद प्रकाश | अंजना मल्होत्रा | आशा नारंग | प्रभात एवं रेखा गुजराल

राम करन अपने परिवार के साथ | आई एस शर्मा अपने परिवार के संग | खेम चंद चंदेल अपने परिवार के साथ | मो. शाहिद अपने परिवार के साथ | पवन आनंद अपने परिवार के साथ | अशोक सलुजा

रमेश गुप्ता धर्मपत्नी के सांग | बी एम गर्ग | बसंत एवं पूनम भगोतरा | चम्पा कक्कड | चंदन एवं कविता सिंह | चन्द्रकांता | दीपक एंव कंचन टंडन | गुरमीत कौर



विजय शर्मा अपने परिवार के संग | जितेन्द्र पाल सिंह | के एन भट्ट | कपिल देव सरदाना | किरण चोपड़ा | किरण नैय्यर | किरण

शशि | मधु नंदा | महेन्द्र सरीन | महेन्द्र पाल सिंह | मनीनंदर कौर | मंजू सरीन | मीना तिवारी

नरेश कुमार बजाज | प्रभा मरवाह | राज गर्ग | राज रखीजा | राजेश गंभीर | सुनील एंव रेखा | रमेश रानी अपनी सहेलियों के साथ

ऋषि कु. चौधरी | सबका साथ | संयोगिता बग्गा | सरला अग्रवाल | सरला गुप्ता | सरला वर्मा | सुरक्षा खरबंदा अपने परिवार के साथ

सरोज शर्मा | सत्या अरोड़ा | विमल मिनोचा | शीला त्यागी | सुदर्शन सचदेवा | सुनील सचदेवा | एस सी एवं वीना अरोड़ा

सुरेन्द्र सिंह | उर्मिल बजाज | उषा रानी | उषा सडाना | वेद प्रभा | हरीश एवं मंजू अपने परिवार के साथ

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।



पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र 2000रु

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर 3075002102006705** में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**

2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376,09871598497, 9810107375 से ही संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

# प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8.दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9.नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता ( कुत्ता, बिल्ली, तोता ) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।

नाम ..............................

पता ..............................

फोन नम्बर ..................

20 पंक्तियां .................

..........................................

..........................................

..........................................................

फोटो

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 9871598497, 9811030309

deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



# आई एम डी बी पर दीपिका पादुकोण ने शाहरुक-सलमान ही नहीं ऐश्वर्या को भी छोड़ा पीछे

अब आप सोच रहे होंगे भला बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने ऐसा क्या कर दिया है कि उनसे पीछे तीनों खान रह गए और तो और ऐश्वर्या भी तो बता दें IMDb ने 'मोस्ट व्यूड इंडियन स्टार ऑफ द लास्ट डिकेड' की एक लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टॉप 100 स्टार्स को शामिल किया गया है। इसमें दीपिका पादुकोण ने सभी को मात देते हुए टॉप स्थान पर जगह बनाई है तो शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान से लेकर ऐश्वर्या सब पीछे रह गए। IMDb की मोस्ट व्यूज इंडियन स्टार की लिस्ट दुनिया भर के करोड़ों IMDb कस्टमर्स और फैंस के पेज व्यू पर आधारित है। वैसे तो 100 स्टार्स की




इस लिस्ट में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर्स शामिल हैं। मगर टॉप 10 की बात करें तो इसमें दीपिका सबसे ऊपर हैं, उनके बाद इसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, आलिया भट्ट, इरफान, आमिर खान, सुशांत सिंह राजपूत, सलमान खान, ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार के नाम शामिल हैं।

आपको बता दें कि IMDb की टॉप 100 मोस्ट व्यूड इंडियन स्टार्स ऑफ द डिकेड लिस्ट जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक के डेटा में शामिल हैं। लाजिमी है दीपिका पादुकोण की पॉपुलैरिटी ने उन्हें नंबर वन की पोजीशन पर पहुंचाया है।

दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह कल्कि 2898 एडी. में नजर आएंगी। इसके अलावा उनकी झोली में सिंघम अगेन भी हैं. वैसे अभी दीपिका पादुकोण अपनी प्रेग्नेंसी पर ध्यान दे रही हैं। इसी साल सितंबर में उनकी डिलीवरी है।

# रश्मिका मंदाना ने इंग्लिश में बात न करने पर दिया फैन को जवाब

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में आनंद देवरकोंडा की अपकमिंग फिल्म गम गम गणेशा के प्री-रिलीज इवेंट में हिस्सा लिया। आपको बता दें कि आनंद देवरकोंडा सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के भाई हैं। इस इवेंट से रश्मिका मंदाना की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वारयल वीडियोज में रश्मिका मंदाना को इवेंट के दौरान तेलुगु में बात करते हुए सुना-देखा सकता है। ऐसे में एक फैन ने एक्ट्रेस से अनुरोध किया है और पूछा है कि किसी भी इवेंट में इंग्लिश में क्यों बात नहीं करती हैं, जिसका रश्मिका ने जवाब भी दिया है. इस फैन के ट्वीट का जवाब देते हुए रश्मिका मंदाना ने बताया कि वह फिल्म इवेंट्स में इंग्लिश क्यों नहीं बोलतीं। उन्होंने कहा कि वह अपमानजनक नहीं होना चाहतीं। उन्होंने जवाब देते हुए लिखा, मैं इंग्लिश में बात करने की पूरी कोशिश करती हूं, ताकि आप में से हर कोई मुझे समझ सके, चाहे आप कहीं से भी हों... लेकिन मैं इस फेक्ट को भी जानती हूं कि बहुत से लोग जो चाहते हैं कि मैं उनकी भाषा में बात करूं, नहीं तो वे सोचेंगे कि मैं भाषा का अनादर करती हूं।





# 22 साल की उम्र में अवनीत कौर बनेंगी दुल्हन

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 से लौटने के बाद मशहूर एक्ट्रेस अवनीत कौर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर की हैं जिसके बाद फैंस ने अवनीत की सगाई के कयास लगाने शुरू कर दिए। अवनीत कौर ने डायमंड रिंग फ्लॉन्ट करते हुए कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। जिसके बाद फैंस के बीच हलचल पैदा हो गई है। इस फोटो को देखने के बाद फैंस को लगने लगा की अवनीत कौर ने गुपचुप सगाई कर ली है। साथ ही अवनीत कौर ने जो कैप्शन लिखा है उसे देखने के बाद फैंस हैरान रह गए। अवनीत कौर ने जो फोटो शेयर की है उसमें पिंक और व्हाइट कलर की ड्रेस पहने दिख रही हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने हाथों में फूल पकड़े हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में एक्ट्रेस अपनी रिंग फ्लॉन्ट कर रही हैं। फोटो शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन पर लिखा, अच्छी चीजों को समय लगता है। इस यूनियन के बारे में दुनिया को बताने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। इस पोस्ट के बाद फैंस अवनीत कौर को बधाई देने लगे। वहीं कुछ फैंस उनसे सगाई को लेकर सवाल पूछने लगे। एक ने लिखा, 22 साल की उम्र में इनकी सगाई हो गई कैसे ? एक ने लिखा, ये तो अभी इतनी छोटी है इतनी जल्दी सगाई। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अवनीत कौर फिलहाल प्रोड्यूसर राघव शर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों पिछले तीन साल से साथ में हैं। इन्हें कई बार पार्टी और इवेंट्स में साथ देखा गया है। हालांकि अवनीत ने अपने रिलेशनशिप को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की दूसरी प्री-वेडिंग फंक्शन में स्टार राइट से लेकर ला डोल्से वीटा इन 9 थीमों पर होगी पार्टीज

बिजनेसमैन टायकून मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी जुलाई में होने वाली है। शादी में फिलहाल वक्त है लेकिन इससे पहले अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट अपने दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन को लेकर लाइमलाइट में हैं। दोनों के फंक्शन कल यानी 29 मई से शुरू हुआ है जो 1 जून तक चलेंगे। चार दिन तक चलने वाले ये फंक्शन समंदर के बीच क्रूज पर सेलिब्रेट होंगे जिसमें बॉलीवुड, खेल जगत से लेकर बड़े-बड़े बिजनेसमैन शामिल होंगे। ये क्रूज इटली और फ्रांस के बीच की यात्रा तय करेगा। आपको बता दें कि अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन जिस क्रूज पर होने जा रहे हैं, उसका नाम 'सेलिब्रिटी एसेंट' है, जो कल इटली से रवाना हो चुका है। 4380 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद ये क्रूज फ्रांस पहुंचेगा। सेलिब्रिटी एसेंट क्रूज को माल्टा में बनाकर तैयार किया गया है। इस क्रूज में 5 स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस क्रूज की कैपेसिटी 3,279 लोगों की है। इसी बीच राधिका और अनंत के प्री-वेडिंग का पूरा शेड्यूल आ चुका है, जिसके बारे में हम आपको बता रहे हैं-

चार दिनों चलेंगे फंक्शन

**ड्रेस कोड:** क्लासिक क्रूज

गेस्ट के पहुंचने के बाद खास स्वागत के साथ लंच का आयोजन है। इसमें शानदार खाना खाने को मिलने वाला है।

**समुद्र में जहाज पर**

**थीम: स्टारी नाइट**

**ड्रेस कोड:** वेस्टर्न फॉर्मल्स

स्टार गेजिंग के लिए स्टारी नाइट थीम पार्टी का आयोजन भी है। इस थीम पार्टी में लोग म्यूजिक के साथ क्रूज की झत पर तारे देखते हैं। साथ ही खाने और ड्रिंक्स के भी मजे लेते हैं।

**30 मई आज**-रोम की जमीन पर

**थीम: रोमन हॉलिडे**

**ड्रेस कोड: टूरिस्ट चिक अटायर**

रोम की जमीन पर अंबानी परिवार के साथ ही उनके गेस्ट भी धमाका करेंगे। पूरा परिवार अपने गेस्ट को रोम का भ्रमण कराएगा। जहां सभी टूरिस्ट की तरह तैयार होकर मस्ती करेंगे।

**थीम:** ला डोल्से फार निएंते

**ड्रेस कोड:** रेट्रो

ला डोल्से फार निएंते का सीधा मतलब है कुछ न करने की मिठास। तो इस खास आयोजन में लोगों को आराम फरमाने का मौका मिलेगा। सभी रेट्रो लुक में जहाज पर आराम फरमाते नजर आएंगे।

**टोगा पार्टी**

टोगा पार्टी एक ग्रीक और रोमन कस्टम का हिस्सा है। इस पहने जाने वाले कपड़े बेहद खास होते हैं। दरअसल जो कपड़े पहने जाते हैं उन्हें देखकर लगता है कि ये किसी बेडशीट से बने हैं। ये पूरी तरह से 'ए रोमन हॉलिडे' थीम है।

**थीम:** वी टर्न्स वन अंडर द सन

**ड्रेस कोड** प्लेफुल

ये भी काफी अलग थीम पार्टी होने वाली है। इसमें लोग प्लेफुल अंदाज में नजर आएंगे। कुल मिलाकर काफी मजाक मस्ती इस पार्टी में होगी।

**31 मई:** कांस की जमीन पर

**थीम:** ले मास्करेड

**ड्रेस कोड:** ब्लैक द मास्करेड

इस थीम पार्टी में सभी लोग चेहरे पर मास्क लगाए नजर आएंगे, यानी इस पार्टी में आप लोगों के चेहरे नहीं देख सकेंगे। ये पार्टी काफी मजेदार होती है।

**थीम:** पार्डन माई फ्रेंच (आफटर पार्टी)

सभी पार्टीज के बाद एक आफटर पार्टी का भी आयोजन किया गया है। इस आफ्टर पार्टी में लोग नाच गाने करते दिखेंगे। ये सभी पार्टीज के क्लोजर के तौर पर होने वाली है।

**1 जून:** पोर्टोफिनो की जमीन पर

**थीम:**ला डोल्से वीटा

**ड्रेस कोड:** इटैलियन समर

इटैलियन समर ड्रेस कोड में ला डोल्से वीटा थीम पर आखिरी जश्न होगा। ला डोल्से वीटा का मतलब सुखद जीवन होता है। इस इवेंट में लोग कपल को सुखद जीवन की बधाइयां देंगे।










# वाणी कपूर और राशि खन्ना ने महाकाल के किए दर्शन

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर और राशि खन्ना हाल ही में उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। वाणी ने सोशल मीडिया पर अपनी इस तीर्थयात्रा की तस्वीरें शेयर कर खुशी व्यक्त की है। तस्वीरों में वाणी और राशि को पारंपरिक परिधानों में देखा जा सकता है। दोनों मंदिर परिसर में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना करती नजर आ रही हैं। वाणी कपूर ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, जय महाकाल एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस उनके दर्शन करने पर बधाई दे रहे हैं और उनकी तीर्थयात्रा की सराहना कर रहे हैं।

# जान्हवी कपूर ने शादी की खबरों को लेकर दिया करारा जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं। इस बीच जान्हवी कपूर ने उन अफवाहों पर रिएक्ट किया है जो पिछले कई दिनों से तैर रही थीं। ये खबरं थीं कि जान्हवी कपूर जल्द ही रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग शादी कर सकती हैं। अब खुद श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी ने सच बताया है। जानमानी मीडिया के साथ एक इंटरव्यू में, जान्हवी कपूर ने बताया कि उन्होंने उन खबरों के बारे में पढ़ा जहां लगातार ये दावा किया जा रहा है कि वह शादी करने की प्लानिंग कर रही हैं। मगर ये सच नहीं है। वह अभी काम कर रही हैं और अपने काम के लिए काफी पैशनेट हैं।

शादी की खबरों को खारिज करते हुए जान्हवी ने कहा, ' हाल में ही



मैंने बहुत ही बेवकूफी वाली न्यूज पढ़ीं। जहां मेरे बारे में लिखा जा रहा है कि मैंने रिश्ता कंफर्म कर दिया है और मैं जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हूं। कुछ लोग तो मेरी एक हफ्ते में शादी भी करवा रहे हैं, जिससे मैं सहमत नहीं हूं. मैं इस समय काम करना चाहती हूं।

ये पहला मौका नहीं है जब जान्हवी ने अपनी पर्सनल लाइफ पर बात की हो। इससे पहले भी अपने रिलेशनशिप की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी दी थी। कुछ ही दिन पहले पैप्स ने एक पोस्ट किया था जहां कहा गया कि जान्हवी, शिखर पहाड़िया के साथ तिरुपति मंदिर में गोल्ड साड़ी में शादी करेंगी।

# सलमान खान की फिल्म सिकंदर में विलेन बन सकते हैं- कटप्पा

साउथ स्टार सत्यराज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की अगली फिल्म 'सिकंदर' में विलेन की भूमिका के लिए चुना गया है। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगदास कर रहे हैं और फिल्म अगले साल ईद पर रिलीज होने वाली है। पत्रकार और निर्माता चित्रा लक्ष्मणन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सत्यराज फिल्म में सलमान खान के सामने खलनायक की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



NEW LAYOUT-674X576 Pawan New

CMYK



Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## एक्ट्रेस होने से थोड़ा टफ है बिजनेस वुमन होना : सोनाक्षी



**मुंबई,** (आईएएनएस): सोनाक्षी सिन्हा की गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। उन्होंने हाल ही में संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को लेकर खूब सुर्खियों बटोरी। उन्होंने 'फरीदन' का बेहतरीन रोल प्ले किया, जिसके लिए उन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिली। सोनाक्षी एक्ट्रेस के साथ-साथ एक बिजनेसवुमन भी हैं। वह आर्टिफिशियल नेल ब्रांड सोएजी की मालकिन हैं। आईएएनएस के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि बिजनेसवुमन होना एक्ट्रेस होने से थोड़ा टफ है। एक्ट्रेस या बिजनेसवुमन में से क्या ज्यादा मुश्किल क्या है, इस सवाल का जवाब देते हुए सोनाक्षी ने कहा,मुझे लगता है कि एक्टिंग मेरे खून में बसा है। चलते-फिरते सीखा है।

# यूक्रेन की मदद पर पुतिन ने दी पश्चिमी देशों को चेतावनी



- हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत दी तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा
- भले ही हमला यूक्रेन ने किया, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार हथियारों की आपूर्ति करने वाले पश्चिमी देश होंगे

**मॉस्को,** (एजेंसी): रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों को यूक्रेन की मदद के लिए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिमी देश रूस पर हमला करने के लिए यूक्रेन को अपने हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देता है तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

पुतिन ने यह चेतावनी तब दी, जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि रूस जहां से यूक्रेन पर हमला कर रहा है, उन ठिकानों को नष्ट करने के लिए यूरोपीय देशों को यूक्रेन की मदद करनी चाहिए।पुतिन का यह बयान तब आया, जब नाटो के कुछ सदस्य और गठबंधन के प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग ने रूस की धरती पर हमला करने के लिए यूक्रेन को अपने हथियारों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध जारी है। उज्बेकिस्तान में अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने पश्चिमी देशों को चेतावनी देते हुए कहा, "इसका परिणाम गंभीर होगा।" उन्होंने आगे कहा, "यूरोप के छोटे-छोटे देशों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि वे किसके साथ खेल रहे हैं।" दरअसल, कई यूरोपीय देशों में कम क्षेत्र में घनी आबादी रहती है। इस संदर्भ में पुतिन ने कहा, "उन्हें यह कारक रूसी क्षेत्र में हमला करने से पहले ध्यान में रखना चाहिए। यह एक गंभीर बात है।पुतिन ने आगे कहा कि भले ही हमला यूक्रेन ने किया, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार हथियारों की आपूर्ति करने वाले पश्चिमी देश होंगे। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि पश्चिमी सैन्य प्रशिक्षक पहले से ही यूक्रेन में गुप्त रूप से काम कर रहे हैं। यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने सोमवार को बताया कि देश में सैन्य प्रशिक्षक भेजने पर फ्रांस के साथ बातचीत की जा रही थी। इस पर पुतिन ने कहा, "हम वही करेंगे जो हमें ठीक लगेगा चाहे यूक्रेन के क्षेत्र में कोई भी हो।" यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के प्रमुख ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक के बाद कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षक भेजने के प्रस्ताव पर बंटा हुआ है।

### रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद में तलाशी

**ब्रसेल्स,** (एपी) बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने संभावित रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।इस जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा, ''यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिसके तहत यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और 'वॉयस ऑफ यूरोप'' समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।''

स्पोर्ट्स राउंडअप

> भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम 22 से 29 मई तक आयोजित हुए एवीसी महिला चैलेंज कप में ईरान को 3-0 से हराकर पांचवें स्थान पर रही। भारत ने कप्तान जिनी, 'ब्लॉकर' सूर्या, अनुश्री और शिल्पा ने 25-17, 25-16, 25-11 की जीत में अहम भूमिका निभायी।

# टीम इंडिया ने न्यूयॉर्क में मैच से पहले किया हल्का अभ्यास



- मैदानी सत्र का उद्देश्य शरीर को टाइम जोन से अभ्यस्त कराना
- भारतीय टीम नौ जून को बहु प्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी

**न्यूयॉर्क,** (पंजाब केसरी)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने टी 20 विश्व कप से पहले यहां बुधवार को अपना मैदानी सत्र आयोजित किया। स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने हल्का रनिंग सत्र कराया जिसके साथ कुछ हल्की गतिविधियां थीं। भारतीय टीम किसी तरह के क्रिकेट अभ्यास से दूर रही क्योंकि वे अमेरिका के टाइम जोन से अभ्यस्त हो रहे हैं। सोहम देसाई ने बीसीसीआई से कहा,"हमारा आज कोई अभ्यास सत्र नहीं था और इस मैदानी सत्र का उद्देश्य शरीर को टाइम जोन से अभ्यस्त कराना है और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार करना है।हम इस समय यही काम कर रहे हैं।' कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत,शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह,जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और यात्रा विकल्प शुभमन गिल तथा खलील अहमद इन गतिविधियों में शामिल थे। भारत को अपना एकमात्र अभ्यास मैच एक जून को न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। भारत का विश्व कप अभियान पांच जून को न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के प्रतिद्वंद्वी आयरलैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। भारतीय टीम नौ जून को बहु प्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत का 12 जून को अमेरिका से मुकाबला होगा। भारतीय टीम फिर फ्लोरिडा जायेगी जहां वह 15 जून को कनाडा से भिड़ेगी।

## अरुंधति प्री चौधरी क्वार्टर फाइनल में



**बैंकॉक,** (भाषा) गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को यहां दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। भारतीय मुक्केबाज ने तीसरे राउंड में भी दबदबा बनाते हुए आसान जीत दर्ज की।

## जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से पिटी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी),** (भाषा) भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे। पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में ही जर्मनी ने मैदानी गोल के जरिए बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया।

# राफा पर इजराइली हमले जारी, दर्जनों फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा,** (आईएएनएस/डीपीए) इलरायली सेना ने मंगलवार को भी दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले किए, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। दो दिन पहले भी हवाई हमलों में 45 लोग मारे गए थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी निंदा की गई थी। इजरायली सेना ने कहा, वह पश्चिमी राफा में विस्थापित लोगों के लिए एक आश्रय स्थल पर हमले की रिपोर्ट की जांच कर रही है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा, राफा में अलग-अलग इजरायली हमलों में रात भर में 18 लोग मारे गए। हालांकि, इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। चश्मदीदों के अनुसार, इजरायली सेना शहर के मध्य में आगे बढ़ गई है। इजरायल की एक समाचार ने बताया कि इजरायली टैंक ताल अल-सुल्तान इलाके में तैनात किए गए हैं। इजरायल रक्षा बल ने कहा कि राफा के आसपास अभी भी सेना तैनात है। वे निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

### इजराइली को लेकर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन,** (एपी) अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर रफह पर इजराइल के हवाई हमले में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में कोई बदलाव नहीं करेगा। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को ऐसा लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने में जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। किर्बी ने कहा, ''हम जो भी देख रहे हैं उससे ऐसा लगता है कि वे रफह के आबादी वाले इलाके में कोई बड़ा जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं।'' उन्होंने रफह में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को 'दिल दहला देने वाला'' और 'भयावह'' करार दिया और कहा कि अमेरिका इस हमले के संबंध में इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर सफल हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए। किर्बी ने कहा, ''इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। हमने कई बार यह भी कहा है कि इजराइल को आम लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव एहतियात बरतना चाहिए।'' यह पूछे जाने पर कि हमले को देखते हुए अमेरिका की नीतियों में बदलाव आएगा, किर्बी ने कहा ''नीति में बदलाव के बारे में कोई जानकारी नहीं है।''

## बलूचिस्तान में बस नाले में गिरी, 28 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद,**(आईएएनएस) : पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के वाशुक जिले में बुधवार को एक बस बड़े नाले में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बस ग्वादर से क्वेटा जा रही थी। इसी दौरान बस का एक टायर फट गया और अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई।हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए बसिमा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।सूत्रों ने कहा, कुछ घायलों की हालत गंभीर है, इसलिए मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि इस कठिन समय में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री शरीफ और बुगती ने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया है। सीएम बुगती ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।पाकिस्तान में सड़कों की हालत खराब होने से अक्सर हादसे होते रहते हैं। इसकी मुख्य वजह निवेश की कमी बताई जा रही है।

# नॉर्वे शतरंज में वैशाली ने हंपी को हराया



> महिला वर्ग में शीर्ष पर पहुंची, विश्व चैंपियन लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंगर (नॉर्वे),** (भाषा) भारत की आर वैशाली यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हमवतन कोनेरू हंपी को हराकर महिला वर्ग में शीर्ष पर पहुंच गई। प्रतियोगिता में क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत प्रत्येक जीत पर तीन अंक मिलते हैं। वैशाली के दूसरे दौर के बाद चार अंक हो गए हैं और उन्होंने पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में चीन की जू वेनजुन के खिलाफ हार की भरपाई भी कर ली। महिलाओं में भारत की नवीनतम ग्रैंडमास्टर वैशाली के बाद चीन की लेइ टिंगजी और वेनजुन तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। स्वीडन की पिया क्रेमलिंग और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक दो अंक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं जबकि छह खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता में हंपी डेढ़ अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मागेडोन टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं।



लंदन में फिल्म 'द वाच्ड के प्रमोशन पर फोटोग्राफरों को पोज देती निदेशक इशाना नाइट (बाएं) और डेकोटा फेनिंग। (छाया : एपी)

## चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने पर मृत्युदंड

**बीजिंग,** (भाषा) चीन की एक अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में एक पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनायी है जो अपने आप में विरला मामला है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की एक अदालत ने मौत की सजा सुनायी। तिआनजिन की एक अदालत द्वारा सुनाए फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गयी है। उसकी अवैध आय को बरामद किया जाएगा और उसे सरकारी खजाने में जमा कराया जाएगा। अदालत ने कहा कि बाई ने भारी रकम के बदले में अधिग्रहण और परियोजनाओं के वित्त पोषण में दूसरों की मदद करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।उसने कहा कि बाई के कृत्य रिश्वत का अपराध हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 2012 में सत्ता संभालने के बाद से भ्रष्टाचार रोधी अभियान के तहत कई चीनी अधिकारियों को सजा सुनायी गयी है लेकिन मौत की सजा विरले ही दी गयी है क्योंकि उनमें से ज्यादातर ने अपना अपराध कबूल कर लिया और इसके बदले में उन्हें मृत्युदंड के बजाय जेल की लंबी सजा सुनायी गयी।

बाई भ्रष्टाचार के लिए मौत की सजा पाने वाला चीन का दूसरा अधिकारी है।

## पियरे को हरा जोकोविच दूसरे दौर में



**पेरिस,** (एपी) सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद मंगलवार को यहां पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने फ्रांस के ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''मैं काफी रोमांचित नहीं होना चाहता। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन था। ठोस प्रदर्शन। बेशक, मैं बेहतर कर सकता था, मुझे लगता है कि रिटर्न करते हुए मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन काफी अच्छी सर्विस करने के लिए उसे भी श्रेय जाता है।''

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

- हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम

**सियोल,** (एपी) उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है।उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया।उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। इससे ठीक कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के निकट 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली सार्वजनिक टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ ''कड़ी'' कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को ''उन्मादी पागलपन'' और ''नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे'' वाला कदम करार दिया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने दोनों देशों के बीच तनाव का संकेत देते हुए कहा कि उत्तर कोरिया मंगलवार रात से दक्षिण की ओर बड़ी संख्या में कचरे से भरे गुब्बारे उड़ा रहा है।

## ताइवान ने खदेड़े चीनी विमान

- 13 चीनी विमानों में से तीन ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार कर गए थे

**ताइपे,** (एजेंसी): चीन की सेना ने ताइवान के निकट अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास खत्म कर लिया है। इस बीच ताइवान की सीमा के आसपास 13 चीनी सैन्य विमान, पांच नौसैनिक जहाज और चार तट रक्षक जहाजों के बारे में पता चला है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। ताइवान समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, 28 मई को सुबह 6 बजे से लेकर 29 मई को सुबह 6 बजे के बीच ताइवान के नजदीक इन्हें ट्रैक किया गया है।

एमएनडी के अनुसार, 13 चीनी विमानों में से तीन ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया। एक ने दक्षिण-पश्चिम में उड़ान भरी और एक चीनी ड्रोन ने एडीआईजेड के दक्षिणी हिस्से में दिखा। इसके बाद ताइवान ने भी जवाबी कार्रवाई। अपने विमानों, नौसैनिक जहाजों और तटीय-आधारित मिसाइल प्रणालियों को एक्टिवेट कर खदेड़ दिया। गुरुवार और शुक्रवार को किया गया यह सैन्य अभ्यास ताइवान के नए राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते की उस टिप्पणी के प्रतिशोध में आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने द्वीप पर बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया था। उन्होंने चीन की सेना की सत्ता पर कब्जा करने की क्षमता को चुनौती दी थी। आपको बता दें कि ताइवान पर चीन अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा होने का दावा करता है।

## सिंगापुर ओपन में जीती सिंधू , लक्ष्य हारे



> दूसरे दौर में सिंधू की भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी

**सिंगापुर,** (भाषा) पूर्व चैम्पियन पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गये। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं। सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। दोनों के बीच डेनमार्क ओपन में पिछला मुकाबला काफी बहस भरा रहा था जिसमें दोनों खिलाड़ियों को बहस करने के लिए पीले कार्ड दिखाये गये थे।

वहीं पेरिस में अपना ओलंपिक पदार्पण करने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की। लेकिन 62 मिनट में 13-21 21-16 13-21 से पराजित हो गये। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका के खिलाफ 14-21 3-11 से पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा।

CMYK